# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 13 नवंबर 2025

संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 64 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ जनजातीय गौरव दिवस : कपटपूर्ण धर्मांतरण के शिकार हिंदू आदिवासी परिवार

पूजा हेगड़े का कौन सा सीक्रेट जानना चाहते हैं वरुण धवन ? खास अंदाज में किया बर्थ डे विश ◀◀ 6


वन्य जीवों की सुरक्षा के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने

# राष्ट्रीय उद्यानों-अभयारण्यों के एक किमी के दायरे में खनन पर लगाया प्रतिबंध

## झारखंड के सारंडा वन्यजीव अभयारण्य और ससांगदाबुरू संरक्षण रिजर्व से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई

**नई दिल्ली:** चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच झारखंड के सरंडा वन्यजीव अभयारण्य (एसडब्ल्यूएल) और ससांगदाबुरू संरक्षण रिजर्व (एससीआर) से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई कर रही थी जजों ने कहा, इस न्यायालय का यह लगातार मत रहा है कि संरक्षित क्षेत्रों से एक किलोमीटर की दूरी के भीतर खनन गतिविधियां वन्यजीवों के लिए खतरनाक होंगी। गोवा फाउंडेशन मामले में ऐसे निर्देश गोवा राज्य के लिए दिए गए थे, लेकिन हम पाते हैं कि अब ऐसे निर्देश पूरे देश में लागू किए जाने



चाहिए। कोर्ट ने आदेश दिया कि अब राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के अंदर और उनकी सीमा से एक किलोमीटर के दायरे में खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। शीर्ष अदालत ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि क्षेत्र में आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा वन अधिकार अधिनियम के तहत की जानी चाहिए। इसके साथ ही राज्य सरकार को इस संबंध में व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया गया।

इससे पहले, बेंच ने झारखंड सरकार से सरंडा क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित करने पर निर्णय लेने के लिए कहा था। मामला पश्चिम सिंहभूम जिले के सरंडा और ससांगदाबुरू के पारिस्थितिक रूप से समृद्ध वन क्षेत्रों को क्रमशः वन्यजीव अभयारण्य और संरक्षित रिजर्व घोषित करने के लंबित प्रस्ताव से जुड़ा था। राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा था कि उसने 31,468.25 हेक्टेयर के मूल प्रस्ताव की तुलना में अब 57,519.41 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का प्रस्ताव रखा है।

महिला वोटर्स ने तोड़े रिकॉर्ड

# 7 जिलों में पुरुषों से 14 प्रतिशत अधिक वोटिंग



**नई दिल्ली/पटना:** चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार के सात जिलों में, जहां हाल ही में विधानसभा चुनाव हुए थे, महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में 14 प्रतिशत या उससे अधिक मतदान किया। 10 अन्य जिलों में, महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक था। हालांकि, पटना राज्य का एकमात्र ऐसा जिला था जहां महिलाओं की तुलना में पुरुषों का मतदान अधिक दर्ज किया गया। कुल 57.88 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 60.05 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया।

बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ। नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। बिहार में ऐतिहासिक 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य में अब तक का सबसे अधिक मतदान है। चुनाव आयोग के एक बयान के अनुसार, महिलाओं का मतदान प्रतिशत 71.78 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 62.98 रहा। सभी 38 जिलों में मतदाता मतदान के संबंध में चुनाव आयोग के नवीनतम लिंग-वार आंकड़ों से पता चला है कि सुपौल में सबसे बड़ा अंतर 20.71 प्रतिशत दर्ज किया गया, जहां 83.69 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 62.98 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया।


पहले चरण में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 69.04% रहा

किशनगंज (19.5 प्रतिशत), मधुबनी (18.4 प्रतिशत), गोपालगंज (17.72 प्रतिशत), अररिया (14.43 प्रतिशत), दरभंगा (14.41 प्रतिशत) और मधेपुरा (14.24 प्रतिशत) में भी महिलाओं के पक्ष में बड़ा अंतर दर्ज किया गया। जिन जिलों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक रहा, वे हैं सीवान (13.83 प्रतिशत), पूर्णिया (13.36 प्रतिशत), शिवहर (12.48 प्रतिशत), सीतामढ़ी (12.43 प्रतिशत), सहरसा (12.37 प्रतिशत), पूर्वी चंपारण (11.13 प्रतिशत), पश्चिम चंपारण (11.03 प्रतिशत), खगड़िया (10.66 प्रतिशत), समस्तीपुर (10.64 प्रतिशत) और बांका (10.53 प्रतिशत)। 6 नवंबर को 121 विधानसभा सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 69.04 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 61.56 प्रतिशत रहा।

**दूसरे चरण में 74.56 % महिलाओं ने किया मतदान** : दूसरे चरण के मतदान में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 74.56 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुषों का 64.41 प्रतिशत रहा। किशनगंज जिले में सबसे अधिक 88.57 प्रतिशत महिला मतदाता मतदान दर्ज किया गया, इसके बाद कटिहार (84.13), सुपौल (83.69), पूर्णिया (83.66), अररिया (78.27), पश्चिम चंपारण (77.74) और पूर्वी चंपारण (77.49) का स्थान रहा।

# दिल्ली ब्लास्टः कार में मौजूद डॉ. उमर का डीएनए मैच

## डॉ. उमर नबी ही चला रहा था कार, स्टीयरिंग व्हील में मिले उसके पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिले



**नई दिल्ली:** दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम धमाके को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गई है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डॉ. उमर नबी ही चला रहा था, क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की मां के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डॉ. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल ) भेजे गए थे। लाल किला विस्फोट में मुख्य संदिग्ध सहित कुल 12 लोगों की मौत हुई थी। शेष नमूने अन्य पीड़ितों के जैविक अवशेषों और आसपास के क्षतिग्रस्त, वाहनों विस्फोट से प्रभावित कारें और एक ई-रिक्शा से एकत्र किए गए थे। एफएसएल ने डॉ. नबी की पहचान की पुष्टि के लिए उसकी मां से डीएनए नमूने एकत्र किए। वह 10 नवंबर की शाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट में शामिल कार चला रहा था जिसमें 12 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए ।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, डॉ. नबी को दिल्ली की ओर जाने से पहले मुंबई एक्सप्रेसवे और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर भी वाहन के साथ देखा गया था। जांच एजेंसियां वाहन की गतिविधियों की विस्तार से जांच कर रही हैं। इस बीच विस्फोट स्थल से 500 मीटर के दायरे में एक बाजार के गेट की छत पर एक कटा हुआ हाथ भी मिला, जिससे जांच और तेज हो गई है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि आज सुबह अस्पताल में एक और पीड़ित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

इसी से संबंधित एक घटनाक्रम में अधिकारियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित कमरों से डॉ. नबी और डॉ. मुजम्मिल की डायरियां बरामद की हैं। एक पुलिस सूत्र ने बताया, ये डायरियां मंगलवार और बुधवार को अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से मिलीं। एक डॉ. नबी के कमरा नंबर 4 से और दूसरी डॉ. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गई। इसके अलावा, पुलिस ने डॉ. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी जब्त की। यह वही जगह है जहां से पहले 360 किलो विस्फोटक जब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है।

पुलिस सूत्रों ने बताया, बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें 8 नवंबर से 12 नवंबर के बीच की तारीखों का ज़िक्र है। डायरियों में ऑपरेशन शब्द कई बार लिखा है। इस बरामदगी के बाद पुलिस ने जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती एक और घायल व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बिलाल के रूप में हुई है, जो गुलाम हसन का बेटा है और दिल्ली से बाहर का रहने वाला था। बिलाल का पोस्टमार्टम आज बाद में होगा।

# घाटशिला उपचुनाव का रिजल्ट कल, 13 प्रत्याशियों के किस्मत का होगा फैसला

**रांची:** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के साथ सम्पन्न हुआ। शाम 5 बजे तक कुल 74.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अब लोगों का कल का इंतजार है क्योंकि कल सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी और यह साफ हो जाएगा कि सीट किसके नाम जाएगी।

15 टेबल पर 20 राउंड में मतगणना की जायेगीः सूत्रों के मुताबिक को-ऑपरेटिव कॉलेज में कुल 15 टेबल पर 20 राउंड में मतगणना की जायेगी। सर्विस वोट सुबह 8 बजे से पहले आने वाले मतों में शामिल किए जाएंगे। इसके चलते मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। प्रवेश केवल अधिकृत पासधारी व्यक्तियों को ही मिलेगा और संपूर्ण प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी में होगी।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया निर्वाचन की विश्वसनीयता का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। प्रत्येक कर्मी को आयोग के निदेशों का हूबहू पालन करना होगा। निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं हो।

बता दें कि घाटशिला विधानसभा सीट पर कुल 73.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो राज्य के औसत से अधिक है। इस उपचुनाव में कुल 2,55,823 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें महिलाओं की संख्या 1,30,921 और पुरुष मतदाता 1,24,899 रही। यानी इस बार महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती का संदेश दिया। इस उपचुनाव में 13 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत अब ईवीएम में कैद हो चुकी है। अब सभी की निगाहें मतगणना के दिन पर टिकी हैं, जब यह तय होगा कि घाटशिला की जनता ने किसे अपना जनप्रतिनिधि चुना है। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन से खाली हुई इस सीट पर अब उनके बेटे सोमेश चंद्र सोरेन मैदान में हैं और भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ताल ठोक रहे हैं। वैसे तो 13 प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला फिलहाल सत्तारूढ़ झामुमो के सोमेश चंद्र सोरेन और भाजपा के बाबूलाल सोरेन के बीच बताया जा रहा है।

# हमलों के लिए 32 वाहन तैयार करने का था प्लान, बड़े पैमाने पर तबाही था मकसद

**नई दिल्ली:** दिल्ली के लाल किले के पास हुए एक कार धमाके से जुड़ी एक बड़ी आतंकी साजिश का खुफिया एजेंसियों ने गुरुवार को पदार्फाश किया है। सूत्रों के अनुसार, संदिग्धों ने कई जगहों पर हमले करने के लिए लगभग 32 पुराने वाहनों को विस्फोटक से लैस करने की योजना बनाई थी। यह खुलासा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है।

खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि चल रही जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने हमलों में इस्तेमाल के लिए आई20 और एक इकोस्पोर्ट वाहन को मॉडिफाई करने का काम शुरू कर दिया था। जांच टीम अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि क्या सिलसिलेवार विस्फोटों को अंजाम देने की इस व्यापक योजना के तहत इसी तरह के और भी वाहन तैयार किए जा रहे थे।

एक खुफिया सूत्र ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि ∕20 और इकोस्पोर्ट के बाद यह पता चला कि 32 अन्य पुराने





वाहनों को तैयार करने की तैयारी चल रही थी, जिनमें विस्फोटक लगाए जा सकते थे। यह दर्शाता है कि आतंकी समूह बड़े पैमाने पर तबाही मचाने की फिराक में था।

समन्वित विस्फोटों की योजनाः जांच एजेंसियों ने यह भी बताया है कि लगभग आठ संदिग्ध कथित तौर पर चार अलग-अलग स्थानों पर विस्फोटों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। इनमें से प्रत्येक संदिग्ध को एक चुने हुए शहर के लिए नियुक्त किया गया था। प्रारंभिक जांच से यह भी संकेत मिले हैं कि आरोपी समूह एक साथ हमलों के लिए कई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लेकर जाने की योजना बना रहे थे।

पुराने मामलों से जुड़ाव और वित्तीय लेन-देनः इस जांच के दायरे में पिछले आतंकी मामलों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। लाल किला विस्फोट के आरोपियों, जिनमें डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, डॉ. उमर और शाहीन के नाम सामने आए हैं, की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

सूत्रों ने यह भी खुलासा किया कि आरोपियों ने मिलकर लगभग 20 लाख रुपये नकद जुटाए थे। इस रकम को डॉक्टर उमर को सौंपा गया था। कथित तौर पर इस पैसे का इस्तेमाल गुरुग्राम, नूंह और आसपास के इलाकों से लगभग तीन लाख रुपये के 20 क्विंटल एनपीके उर्वरक की खरीद के लिए किया गया था। एनपीके उर्वरक (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, और पोटेशियम का मिश्रण) का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री निकालने के लिए किया जा सकता है, जिससे आईईडी तैयार करने का उनका इरादा स्पष्ट होता है।

आईएसआईएस से संभावित संबंधः जांच एजेंसियों के अनुसार, डॉ. मुजम्मिल 2021 और 2022 के बीच मारे गए आतंकवादियों के सहयोगियों के साथ संपर्क बनाए रखने के बाद आईएसआईएस की एक शाखा, अंसार गजवत-उल-हिंद की ओर झुकाव रखने लगा था। माना जाता है कि उसे इरफान उर्फ मौलवी नाम के एक व्यक्ति ने इस नेटवर्क से परिचित कराया था।

यह भी माना जा रहा है कि 2023 और 2024 में बरामद किए गए हथियार इस मॉड्यूल द्वारा एक स्वतंत्र आतंकवादी समूह बनाने की तैयारी के तहत हासिल किए गए थे। जांच एजेंसियां अब इस व्यापक नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि उन्हें संदेह है कि आरोपी ने भविष्य में भी बड़े हमले को अंजाम देने की योजना बनाई थी।

फरीदाबाद में पकड़ी गई 'लाल कार' में था विस्फोटकः फरीदाबाद के खंदावली गांव में जब खेतों में खड़ी एक लाल रंग की कार (ईकोस्पोर्ट) में विस्फोटक मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। यह वही लाल रंग की ईकोस्पोर्ट कार है जिसे दिल्ली धमाके में आतंकियों ने इस्तेमाल किया है। कार में विस्फोटक मिलने की सूचना पर आनन-फानन एनएसए, फोरेंसिक टीम और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

कार के आसपास बने लगभग 10 घरों को खाली करा लिया और इलाके को सील कर दिया। मौके पर 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती की गई है, जो किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मुस्तैद हैं। खंदावली गांव से लगभग 200 मीटर दूर खेतों में फहीम नाम के व्यक्ति के घर के पास एक लाल रंग की कार खड़ी थी।

पुलिस की जांच में पता चला है कि मंगलवार की सुबह कार को यहां खड़ा करने वालों में दो पुरुष और एक महिला शामिल थी, जिनमें फहीम का साला भी है। फहीम का साला पेशे से कार मिस्त्री बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि कार सर्विस कराने के दौरान फहीम के साले का संपर्क अल फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों और कुछ संदिग्ध आतंकियों से हुआ था।

## समाचार सार



### ठंड से कांपेंगे झारखंड के लोग, आईएमडी ने जारी की शीतलहर की चेतावनी

**रांची:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के सात जिलों में 15 नवंबर तक के लिए शीतलहर की चेतावनी बुधवार को जारी की। मौसम विभाग ने 12 से 15 नवंबर तक सात जिलों - गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा के लिए येलो' अलर्ट (सावधान रहें) जारी किया है।

रांची आईएमडी के उप-निदेशक एवं मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, सात जिलों में न्यूनतम तापमान में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है, जिससे अगले तीन दिनों के दौरान तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहेगा।'' उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज किया गया। रांची में बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। राज्य का सबसे ठंडा स्थान गुमला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि खूंटी 8.1 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरे और लोहरदगा 9.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

बुलेटिन में कहा गया है कि जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में 10.3 डिग्री सेल्सियस और चाईबासा में 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता प्रभावित होगी। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

### नशे में धुत बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, गंभीर



**खूंटी:** जिला मुख्यालय से कर्रा जाने वाले मार्ग पर स्थित रेवा गांव के पास हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना का कारण नशे की हालत में बाइक चलाना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, रेवा निवासी पुष्पा देवी खूंटी से अपना काम निपटाकर टेम्पो से वापस लौट रही थीं। जैसे ही वह अपने घर के पास वाहन से उतर रही थीं, तभी कर्रा की ओर से आ रही होंडा साइज बाइक पर सवार एक युवक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। युवक नशे की हालत में और अत्यधिक गति से बाइक चला रहा था।

इस जबरदस्त टक्कर में पुष्पा देवी के पैर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक निरीक्षण में उनके पैर के टूटने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, दुर्घटना का झटका इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार युवक भी सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया और उसे भी गंभीर चोटें आईं।

मौके पर मौजूद समाज सेवी लक्ष्मी बाखला और स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। उन्हीं के प्रयासों से एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को खूंटी सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा जा सका।

घायल बाइक सवार के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान संजय हेम्ब्रम (पिता सांडू हेम्ब्रम, निवासी- रायशिमला, बड़कली, पोस्ट- कसमार, जिला- खूंटी) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संजय जलटंडा बाजार से खूंटी लौट रहा था और नशे की हालत में तेज गति से बाइक चलाने के कारण यह हादसा हुआ।

वहीं, पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। दुर्घटना के सभी पहलुओं पर विस्तार से जांच की जा रही है। अब तक मिली जानकारी के आधार पर नशे में गाड़ी चलाना और अनियंत्रित गति को इस हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### झारखंड स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**चतरा:** झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सिमरिया रेफरल अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी एवं सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और स्वयं रक्तदान कर किया। शिविर में 25 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मौके पर सिमरिया बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, तथा सिमरिया चिकित्सा प्रभारी डॉ बी एन प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त मानव शरीर में लगातार बनता और नष्ट होता रहता है, इसलिए समय-समय पर रक्तदान करने से न केवल दूसरों की मदद होती है बल्कि दाताओं का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रमुख भूमिका रही। मौके पर रेड क्रॉस सचिव धर्मेन्द्र पाठक, उपाध्यक्ष विवेक केशरी, रत्नेश कुमार, निर्भय कुमार, विजय कुमार, मधुलता कुमारी, जयंती कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य गठन के 25 साल बाद भी आदिवासी समाज को नहीं मिला हक: चंपाई सोरेन

संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य गठन के 25 वर्ष बीत जाने के बावजूद आदिवासी समाज को उनका पूरा हक और सम्मान अब तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की पहचान की बुनियाद हैं, लेकिन इन तीनों पर लगातार खतरा बढ़ता जा रहा है। सोरेन ने दावा किया कि अब तक करीब 30 हजार एकड़ जमीन आदिवासियों से छीनी जा चुकी है, जिससे सामाजिक असंतुलन और



आर्थिक असमानता गहराती जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास की आड़ में आदिवासी समुदाय को हाशिये पर धकेला जा रहा है, जबकि उनकी संस्कृति और परंपरा को सम्मान की आवश्यकता है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि गुआ और खरसावां गोलीकांड जैसी घटनाएं इस अन्याय की गवाही देती हैं, जिनमें निर्दोष आदिवासी शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि आदिवासी समाज एकजुट होकर अपने अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष करे। यही बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो जैसे महान वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय आदिवासी अस्मिता और अधिकारों की लड़ाई का है। यदि समाज एकजुट रहा तो झारखंड की धरती पर आदिवासी समुदाय फिर से अपनी असली पहचान और गौरव हासिल करेगा।

## जरियागढ़ में अवैध बालू तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, छह हाइवा जब्त

### वन विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी से मिली सफलता



संवाददाता

**खूंटी:** जिले के जरियागढ़ इलाके में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ वन विभाग और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के तहत बक्सपुर सरना टोली के पास से अवैध बालू लदे छह हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, जरियागढ़ का क्षेत्र लंबे समय से अवैध बालू उत्खनन और इसके परिवहन का अड्डा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस गैर-कानूनी कारोबार का कई बार विरोध किए जाने के बावजूद, यह सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार की देर रात जब कुछ ग्रामीणों ने अवैध बालू से लदे वाहनों को रोकने का प्रयास किया, तो इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापा मारा।

छापेमारी के दौरान छह हाइवा वाहनों को अवैध बालू के साथ जब्त कर लिया गया। हालाँकि, कार्रवाई की खबर मिलते ही कई अन्य वाहन चालक बालू लदे या खाली अपने वाहनों को लेकर मौके से फरार होने में सफल रहे। जब्त किए गए सभी वाहनों को थाना परिसर लाया गया है, जहाँ उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया है। लेकिन उनका यह भी कहना है कि जरियागढ़ क्षेत्र में अवैध बालू का धंधा अब भी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की कार्रवाइयाँ नियमित रूप से जारी रखी जाएँ, ताकि इस अवैध कारोबार पर पूर्णतः और स्थायी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

## आई ट्वेंटी कार में सवार दो तस्करों के पास से 5 किलो 472 ग्राम अफीम बरामद

### बरामद अफीम की अनुमानित कीमत 27 लाख रु

**चतरा:** जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक कार्रवाई में 5 किलो 472 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। चतरा के पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा खरीद बिक्री के लिए अफीम की खेप लाई जाने वाली है। सूचना पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये ग्राम बंदरचुआ स्थित संतोष माता मंदिर के पास लेम्बोईया जाने वाली रास्ते में आते हुए आई 20 कार को रोका गया। कार से 5.472 किलोग्राम अफीम एवं 02



मोबाईल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस कप्तान ने बताया कि बरामद अफीम की अनुमानित कीमत लगभग 27 लाख रु है। गिरफ्तार तस्करों में गिद्धौर थाना क्षेत्र के आमीन गांव निवासी विक्रम कुमार (22 वर्ष) पे०-मोहन दांगी और सदर थाना क्षेत्र के उटामोड़ निवासी

राजन कुमार (20 वर्ष) पे० रविन्द्र दांगी का नाम शामिल है।इस संबंध में पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या-54/2025, दिनांक-11.11.2025, धारा-111 (2) (ब)भारतीय न्याय संहिता एवं 17 (सी) / 18 (सी)/21 (सी)/25/27/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### झारखंड स्थापना दिवस पर ग्रामीण सशक्तिकरण का नया अध्याय

## 3465 लाभुकों ने अपने सपनों के घर में किया गृह प्रवेश

संवाददाता

**चतरा:** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चतरा जिले में आवास योजना (ग्रामीण) के तहत व्यापक स्तर पर संकल्प सभा, आवास स्वीकृति पत्र वितरण तथा 3465 ग्रामीण आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामों में जनभागीदारी की भावना के साथ संपन्न हुआ, जिसमें लाभुकों के चेहरों पर नए जीवन की आशा और उत्साह स्पष्ट झलकता दिखाई दिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, स्टेट टीम सदस्य तारक दास, जिला समन्वयक (आवास)



सहित माननीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन केवल गृह प्रवेश का नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो झारखंड सरकार के हर गरीब को पक्का घर, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प को साकार कर रहा है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में आवास योजना के तहत पात्र लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी परिवार बेघर न रहे और सभी को छत, सम्मान एवं सुरक्षा का अधिकार प्राप्त हो। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कई लाभुकों ने कहा कि अब उनका सपना साकार हो गया है और वे सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जीने की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर जनसंकल्प सभाओं का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों को आवास योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने लाभुकों को समय पर निर्माण पूर्ण कर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की।

### हंटरगंज में सड़क हादसे में साइकिल सवार दो छात्रा घायल

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलूरी गांव में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में साइकिल सवार दो छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायल छात्रा एक साइकिल में सवार होकर अपने घर से ट्यूशन पढ़ने अपने गांव के ही निजी कोचिंग सेंटर



में जा रहा थी, तभी बलुरी मोड़ के समीप अनियंत्रित बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे दोनों छात्राएं बीच सड़क पर जा गिरी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों की पहचान बलूरी निवासी अरुण राम के 14 वर्षीय पुत्री शिवरानी कुमारी और कौशल राम के 13 वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों छात्राएं अपने घर से कोचिंग के लिए साइकिल से निकली थी। तभी बलूरी मोड़ पर तेज गति से पांडेपुरा बाजार की ओर जा रही एक बाइक ने नियंत्रण खो दिया और पीछे से दो छात्राएं की साइकिल से टकरा गई।इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनों छात्राओं को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट रहने के वजह से गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता

**चतरा:** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, द्वारा 11 नवम्बर से विभिन्न जनसहभागिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इस क्रम में 11 नवम्बर को समाहरणालय परिसर से कुल्लू मोड़ तक रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रन फॉर झारखंड के समापन स्थल कुल्लू मोड़ पर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा तैयार किए गए तीन प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में राज्य स्थापना दिवस की उपलब्धियों



एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रसार करेंगे।राज्य स्थापना दिवस के पांच दिवसीय विविध कार्यक्रमों के दूसरे दिन 12 नवम्बर को विकास भवन स्थित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन, नाटक एवं कथा वाचन जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से झारखंड की लोकसंस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को जीवंत किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन का कार्य चतरा विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार एवं जिला नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर माननीय अतिथियों ने राज्य की सांस्कृतिक विविधता, जनसहभागिता की भावना तथा विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड की असली ताकत इसकी संस्कृति, परंपरा और मेहनतकश जनता में निहित है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में राज्य के प्रति गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल होती है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति एवं लोक संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, गायन, ड्रामा एवं कथा वाचन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।संपूर्ण कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रतिबिंब सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के प्रकाश लाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। झारखंड स्थापना दिवस सप्ताह के तहत आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में सांस्कृतिक, खेलकूद एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे राज्य निर्माण की भावना को और सशक्त किया जा सके।

झारखंड स्थापना दिवस 2025

# रांची से उलिहातु तक साइक्लोथॉन मंत्री सुदिव्य ने दिखाई हरी झंडी

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज रांची में राज्य सरकार की ओर से साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह**

इस साइक्लोथॉन में युवाओं ने बड़े जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह साइकिल रैली इसलिए भी खास है, क्योंकि यह सीधे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु (खूंटी) तक जाएगी। यह रैली झारखंड के संघर्ष और विकास यात्रा को दर्शाती है।



**हर गांव-हर व्यक्ति तक विकास का संदेश पहुंचाना लक्ष्य**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भावुकता और गर्व के साथ कहा कि हमारे पुरखों, जिन्होंने अलग राज्य के लिए संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उनके प्रयासों के कारण आज हम झारखंड को एक युवा और प्रगतिशील राज्य के रूप में देख पा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड के हर गांव और हर व्यक्ति तक विकास और समृद्धि का संदेश पहुंचाना है। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य एक समृद्ध, विकसित और मजबूत झारखंड बनाना है।

# निजी कॉलेजों के मनमाने फीस वसूली पर लगेगी लगाम, राज्यपाल ने बिल को दी मंजूरी

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में इंजीनियरिंग, मेडिकल और मैनेजमेंट जैसे कोर्स की पढ़ाई अब थोड़ी सस्ती और पारदर्शी हो सकती है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ऐसे पाठ्यक्रमों की फीस नियंत्रित करने के लिए विधानसभा से पारित 'झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2025' को मंजूरी दे दी है।अब गजट नोटिफिकेशन के बाद यह कानून लागू हो जाएगा।

इस बिल को विधानसभा के पूरक मानसून सत्र में 25 अगस्त को ध्वनिमत से पारित किया गया था। इसके लागू होने के बाद राज्य के निजी व्यावसायिक कॉलेज अपनी मनमर्जी से फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। अब फीस तय करने का जिम्मा एक 'शुल्क विनियमन समिति' के हाथों में होगा, जो हर कोर्स के लिए तय करेगी कि



कौन-सा कॉलेज कितनी फीस ले सकता है। सदन में बिल पेश करते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा था कि यह कदम छात्रों और अभिभावकों दोनों के हित में है। अब फीस तय करने में पारदर्शिता होगी और कोई भी संस्थान मनमानी नहीं कर सकेगा।

शुल्क निर्धारित करने वाली समिति में झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अनुशंसा पर एक अध्यक्ष नियुक्त होंगे। साथ में किसी विश्वविद्यालय के कुलपति, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और अलग-अलग कोर्स के विशेषज्ञ सदस्य होंगे। फीस तय करने से पहले समिति संस्थानों से उनके खर्च और सुविधाओं का ब्योरा मांगेगी और उसके बाद ही अंतिम फैसला लेगी। सुप्रीम कोर्ट पहले ही निर्देश दे चुका है कि राज्यों को निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों की फीस नियंत्रण के लिए कानून बनाना चाहिए। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में यह व्यवस्था पहले से है। अब झारखंड में भी यह कानून धरातल पर उतरने को तैयार है।राज्य सरकार का दावा है कि इससे 'शिक्षा के नाम पर लूट' रुकेगी और छात्रों को राहत मिलेगी।

# रांची में 30 नवंबर को होगा भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे मुकाबला

## 12 सौ से 12 हजार रुपए तक के टिकट, 25 नवंबर के बाद मिलेंगे



**क्रिकेट बिक्री में पारदर्शिता रहेगी : सौरभ तिवारी**

**जेएससीए** सचिव सौरभ तिवारी ने कहा कि यह मुकाबला रांची के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक महान क्रिकेट महोत्सव साबित होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टिकट बिक्री और वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी रखी गई है, ताकि हर दर्शक को मैच देखने का अवसर मिल सके। मैच के दौरान सुरक्षा, पार्किंग और दर्शक प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

संवाददाता

**रांची:** रांची के धुर्वा स्थित जेएससीए (झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन) स्टेडियम में आगामी 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे मैच होने वाला है। इसके लिए टिकट की दरें तय कर दी गई हैं। टिकट की कीमत 1200 से शुरू है। जबकि सबकी महंगी टिकट 12000 की है। हालांकि आमलोगों के लिए टिकटों की बिक्री कब से होगी, इसकी घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

जेएससीए के सदस्यों के लिए टिकट की व्यवस्थाः जेएससीए के मुताबिक, लाइफ मेंबर और एफिलिएटेड यूनिट्स के सदस्य 20 नवंबर तक मेल भेजकर अपनी टिकट खरीद सकते हैं। इसके अलावा जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में 23 नवंबर (रविवार) सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और एमएस धोनी पवेलियन (जेएससीए स्टेडियम, रांची) में 24 नवंबर (सोमवार) सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक टिकट ले सकते हैं।

सदस्यों के लिए विशेष उपहारः जेएससीए के मुताबिक, लाइफ मेंबर और एफिलिएटेड यूनिट्स के सदस्य अपने आईडी कार्ड या वैध पहचान पत्र के साथ निर्धारित दिन और स्थल से टिकट ले सकेंगे। सदस्यों को कॉम्प्लिमेंट्री टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे यानी प्रत्येक सदस्य को टिकट के साथ एक टी-शर्ट और बैकपैक भी दिया जाएगा। लाइफ मेंबर अधिकतम 5, डिस्ट्रिक्ट यूनिट अधिकतम 100 टिकट और संस्थान या क्लब अधिकतम 25 टिकट खरीद सकते हैं।

**ऑनलाइन भुगतान से होगी टिकट बुकिंगः** टिकट का भुगतान सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकेगा।

क्रिकेट प्रेमियों में अभी से उत्सवः झारखंड में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में अभी से काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। धोनी के होम ग्राउंड पर यह मैच किसी त्यौहार से कम नहीं होगा। जब भारत और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे, तो पूरा झारखंड क्रिकेट के रंग में सराबोर होगा।

# समाजसेवियों ने स्कूली बच्चों के बीच बांटे स्वेटर व अन्य गर्म वस्त्र

## - पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्मः मुकेश पोद्दार - मानव सेवा से होती है सुखद अनुभूतिः उषा पोद्दार

**रांचीः** शहर के प्रतिष्ठित वस्त्र व्यवसायी व जाने-माने समाजसेवी मुकेश पोद्दार व उनकी धर्मपत्नी उषा पोद्दार ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित कल्याण एवं विकास समिति (सामुदायिक भवन) परिसर में आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर व अन्य गर्म वस्त्र का वितरण किया।

मौके पर लगभग चालीस



छात्र-छात्राओं को स्वेटर व अन्य गर्म वस्त्र आदि बांटे गए।

इस अवसर पर अपने संदेश में श्री पोद्दार ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। वहीं , उषा पोद्दार ने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। इस अवसर पर निःशुल्क कोचिंग केन्द्र के व्यवस्थापक ललन कुमार मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर एनडीए की सरकार बनना तय : रघुवंश नारायण सिंह

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची/पटना(बिहार):** पटना जिलांतर्गत बख्तियारपुर प्रखंड के करनौती ग्राम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रघुवंश नारायण सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में जनता ने विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की नीति पर पुनः भरोसा जताया है। एनडीए के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया है। इससे प्रतीत होता है कि बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनना तय है।

श्री सिंह ने कहा कि विगत लगभग पन्द्रह वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने



शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क,बिजली, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, विधि-व्यवस्था आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यही वजह है कि जनता ने एक बार फिर भाजपा-जदयू गठबंधन पर विश्वास व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने से विकास की रफ्तार और तेज होगी। बिहार के लिए यह गर्व की बात है कि नीतीश कुमार की आक्रामक कार्यशैली और विकास मॉडल का अनुकरण अन्य राज्यों में भी किया जाने लगा है।

उन्होंने कहा कि यह सुखद संकेत है कि बिहार की जनता जाति-पाति की राजनीति से परे हटकर विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है।

## विधायक के पहल पर ऐतिहासिक मेला के समीप लगा नया ट्रांसफार्मर

**सिल्ली :**विधायक अमित महतो के पहल पर ऐतिहासिक हरिहर मेला परिसर कोचों मे 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगा। विधिवत रूप से उद्घाटन जिप सदस्य लक्ष्मी देवी ने फीता काटकर की। बताया जाता है बीते कई माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था, जिससे ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत सप्लाई पेयजल कोंचो, टूटकी एंव नवाडीह के सैकड़ो परिवारों को नही मिल पा रहा था।इसकी जानकारी मिलते ही विधायक ने ग्रामीणों की पेयजल की समस्या को देखते हुए उन्होंने त्वरित 200 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया, नया ट्रांसफार्मर लगने पर लोगों मे खुशी देखी गई और विधायक का आभार प्रकट किया। मौके पर झामुमो नेता अखिलेश कुम्हार समीर ठाकुर, संजय महतो अखिलेश कुम्हार मुद्रिका महतो सुकरा महतो मंजय महतो, मानसिंह महतो, नरेश व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त से की पथ निर्माण व मरम्मत कराने की मांग

सिल्ली : प्रखंड अंतर्गत श्यामनगर गाड़ी हलमाद के ग्रामीणों ने उपायुक्त रांची से सिल्ली रंगा माटी मुख्य सड़क मार्ग से झाबरी गांव के समीप से श्यामनगर गाड़ी हलमाद तक ढ़ाई किलोमीटर पथ निर्माण एंव मरम्मत कराने की मांग की है। पक्की सड़क के नही होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त जानकारी ग्रामीण रथूराम महतो ने दिया है।

## मौलाना आजाद की स्मृति में माही का अनोखा प्रयास, मंत्री हफीजुल हसन को दी गईं दुर्लभ पुस्तकें



**रांचीः** स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री और आजादी के अग्रदूत मौलाना अबुल कलाम आजाद की स्मृति में मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के संयोजक इबरार अहमद, मौलाना तहजीबुल हसन और प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन को मौलाना आजाद से संबंधित दो ऐतिहासिक पुस्तकें भेंट कीं। पहली पुस्तक मौलाना आजाद की कहानी, उन्हीं की जबानी (लेखकः अब्दुल रज्जाक मलिहाबादी) में मौलाना के संघर्ष, विचार और राष्ट्रवादी भूमिका का जीवंत चित्रण है। दूसरी पुस्तक मौलाना आजाद की जीवनी (लेखकः मोहम्मद मोहिउद्दीन, संपादकः हसीब अख्तर) में उनके जीवन, राजनीतिक सफर और शिक्षा नीति में योगदान का विस्तृत विवरण है। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि ये पुस्तकें केवल साहित्य नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत हैं। मौलाना आजाद का जीवन धैर्य, एकता और शिक्षा के मूल्यों का प्रतीक है।

## वार्ड 23 में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

**रांचीः** वार्ड 23 के अल्पसंख्यक घनी आबादी वाले क्षेत्र में सफाई, पानी निकासी व्यवस्था और सड़कों की दयनीय स्थिति ने लोगों का जीवन दूभर बना दिया है। क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद जर्जर है और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। नालियां खुली हुई हैं, जिनसे गंदा पानी बहकर सड़कों पर फैल जाता है। इससे न केवल बदबू और गंदगी फैलती है बल्कि संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे भी हादसों का कारण बनते हैं और अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन समस्याओं की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को दी जा चुकी है, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। समाजसेवी खालिद उमर ने इस गंभीर स्थिति को लेकर झारखंड हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि जिस प्रकार कोर्ट ने रांची के वार्ड 14 अपर चुटिया क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर स्वतः संज्ञान लिया था, उसी प्रकार वार्ड 23 की स्थिति पर भी संज्ञान लेकर नगर निगम को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड 23 के निवासी वर्षों से इस उपेक्षा का शिकार हैं और अब न्यायपालिका से ही उम्मीद है कि इस क्षेत्र में साफ-सफाई, जल निकासी और सड़क निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा।

# आईफा इंटरनेशनल में बाल दिवस पर पेंटिंग ऑन बैलून प्रतियोगिता आयोजित



संवाददाता

**रांचीः** बाल दिवस एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर आई-फा इंटरनेशनल द्वारा एक विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता पेंटिंग ऑन बैलून का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशक्ति को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया।




बच्चों ने विभिन्न विषयों पर सुंदर और रचनात्मक चित्र बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनमें कला के प्रति रुचि जगाना था। इस कार्यक्रम में चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए इस प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं -सनोवर ,मुनमुन, मिश्कात सीनियर वर्ग के विजेता, तथा जूनियर वर्ग के विजेताओं के नाम आयात ,एलिजा रहमान ,आर्य जरीन ,अमर अब्दुल्ला ,हूमरा नसीम, आयाना ,जैनब ,महक, मयरीन, तथा एलिजा निर्णायक मंडली में श्रीमती सादाना ,श्रीमती शगुफ्ता बानो और अल्मा हसन थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आसेम का साथ रहा विजेताओं को संयुक्त रूप से विशिष्ट अतिथि मैसेज जैनब तथा डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन द्वारा दिया गया

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान किए गए।


कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।

Re- e-Tender No. : 6157 Date 12-11-2025

पुर्न अल्पकालीन ई– निविदा (3rd Call)

सदर अस्पताल, रॉची के लिए कैथ लैब का क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु OEM/निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक 22.11.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 13.11.2025 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

PR363580 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची।

PR 365883 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla
दर (कोटेशन) आमंत्रण सूचना

नगर परिषद, गुमला के परिसम्पतियों यथा : पार्क, तालाब, ग्रीन एरिया आदि के रख–रखाव के उद्देश्य से रंग–रोगन कराने हेतु इच्छुक व्यक्ति/पंजीकृत संस्था/संवेदक से सीलबंद लिफाफा में दर आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक कोटेशनदाता निर्धारित तिथि को नगर परिषद, गुमला कार्यालय में अपना कोटेशन दे सकते है।

| Sl No. | Particulars | Date |
|---|---|---|
| 1 | Date of receiving of sealed Quotation | 21.11.2025 at 03.00 PM |
| 2 | Date and time of opening of Quotation | 22.11.2025 at 03.30 PM |
| 3 | Place of receiving and opening of Quotation | Executive Officer, Nagar Parishad, Gumla |

प्रशासक
नगर परिषद, गुमला।

PR 365876 District(25-26)D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## धमाके के सुलगते सवाल

सुरक्षा की दृष्टि से चाकचौबंद मानी जाने वाली देश की राजधानी में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके ने कई ज्वलंत सवालों को जन्म दिया है। सुरक्षा व्यवस्था के छिद्रों को पाटने की जरूरत के साथ चेताया है कि हमारी जरा सी चूक से आतंकवादियों को फिर से पांव जमाने का मौका मिल सकता है। अब जब मामले की जांच देश की शीर्ष खुफिया एजेंसियां कर रही हैं तो जांच के निष्कर्ष ही हकीकत बताएंगे। लेकिन धमाके का स्तर और उससे हुई जनधन की हानि चिंता बढ़ाने वाली है। निश्चित ही यह घटना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। सवाल यह भी उठता है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपराधी कैसे इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ संवेदनशील इलाके में ले जाने में सफल हुए। प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर के रास्ते उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक फैले कश्मीरी डॉक्टरों के एक समूह ने घटना को अंजाम दिया। इस घटनाक्रम ने पूरे देश को चौंकाया कि समाज में दूसरे भगवान का दर्जा पाने वाले डॉक्टर कैसे लोगों के चिथड़े उड़ाने वाले कृत्य को अंजाम दे सकते हैं? उनकी उस शपथ का क्या हुआ जो डॉक्टर पढ़ाई पूरी करने के बाद लोगों की जीवन रक्षा के लिए लेते हैं? अब तक यह मान्यता रही है कि आतंकवादी संगठनों से वे लोग ही जुड़ते हैं, जो कम पढ़े-लिखे होते हैं और विध्वंसकारी ताकतों के बहकावे में आकर आतंकवाद की राह में उतर जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस आतंक के स्लीपर सैल में डॉक्टरों के समूह का शामिल होना बेहद चिंता का विषय है। जो समाज के उस विश्वास को तोड़ता है कि डॉक्टर हमेशा जीवन देने वाला ही होता है। भविष्य में यह खतरनाक प्रवृत्ति अन्य व्हाइट कॉलर जॉब करने वाले समूह को भी घातक रास्ते पर ले जा सकती है। ऐसे में हमें लाल किले के निकट घटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और आसन्न खतरे को महसूस भी करना चाहिए। बहरहाल, लाल किले के निकट की घटना एक आतंकी साजिश थी या बड़ी साजिश को अंजाम देने निकले अपराधियों की चूक से समय से पहले घटी घटना, ये एनआईए की जांच से ही पता चल सकेगा। लेकिन जो क्षति घटनास्थल पर हुई है वह किसी आतंकी घटना से कम तो नहीं है। बहरहाल, राष्ट्रीय राजधानी में हुई घटना के चलते भविष्य के खतरे के मद्देनजर सभी दृष्टिकोणों से मामले की जांच की जानी चाहिए। शायद इसी कारण से दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम व अन्य कठोर धाराओं में मामला दर्ज करके जांच का दायरा बढ़ाया गया है। लेकिन इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के प्रश्न भी हमारे सामने हैं कि कैसे अपराधी इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ राजधानी में ले जाने में सफल हुए। जिसके चलते भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये सभी जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। याद रहे कि अतीत में भी कई बार दिल्ली को आतंक से दहलाने की कोशिशें हुई हैं। हमें उन घटनाओं से भी सबक लेने की जरूरत है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद के मामले में जरा सी चूक भी व्यापक क्षति का सबब बन सकती है। देश को अस्थिर करने की किसी भी साजिश को विफल बनाने और आम लोगों का जीवन सुरक्षित बनाने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। इस नये टेरर मॉड्यूल के मद्देनजर भी निगरानी का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। पता लगाने की जरूरत है कि कैसे अपराधी इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ वाया फरीदाबाद दिल्ली पहुंचाने में सक्षम बने। वैसे हाल के वर्षों में देश के भीतर आतंकी घटनाओं पर लगभग विराम लगा हुआ था, लेकिन हालिया घटना ने हमारी चिंताओं को बढ़ाया ही है। हमें आतंकवाद को बढ़ावा देने के हर प्रयास को सख्ती से कुचलने की जरूरत है। सजग और सतर्क खुफिया तंत्र इसमें निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। साथ ही इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि इस कांड में सीमा पार सक्रिय आतंकी संगठनों की भूमिका तो नहीं है। बिना बाहरी मदद के इतनी बड़ी साजिश को अंजाम देना सहज नहीं हो सकता। व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल का पनपना हमारी गहरी चिंता का विषय भी होना चाहिए।

## फिर दहली दिल्ली

सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए धमाके में कुछ अनमोल जिंदगियों का खत्म होना बेहद दुखद है। काफी संख्या में लोगों के घायल होने की भी खबरें हैं। धमाके के बाद आसपास के कई वाहनों में लगी आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल को खासी मशक्कत करनी पड़ी। पहली नजर में पुलिस इसे आतंकी घटना मानकर चल रही है। इसे संयोग मानें या दुर्योग कि आतंकवादियों के किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान को निशाने बनाने से पहले कार में ही धमाका हो गया। देश की केंद्रीय एजेंसियां आतंकवादियों की साजिश को बेनकाब करने में जुटी हैं। पहले फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्थित फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव में राज्य और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की साझा रेड में करीब तीन हजार किलो से अधिक विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ था। इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपी कश्मीरी मूल के बताए जाते हैं। इससे पहले रविवार को गांव के एक कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की बात कही जा रही है। कल पुलिस ने दूसरे घर से 2,563 संदिग्ध विस्फोटक की बरामदगी की है। बताया जाता है कि एक मौलाना ने यह घर एक डॉ. मुजामिल ने किराये पर लिया हुआ था। पुलिस तफ्तीश में जुटी है कि इस विस्फोटक का कहां इस्तेमाल किया जाना था और क्या इनके किसी आतंकी संगठन से तार जुड़े हैं। पुलिस का दावा है कि डॉक्टर के फरीदाबाद स्थित ठिकाने से अधिकारियों ने अमोनियम नाइट्रेट और अन्य रासायनिक पदार्थों सहित आईईडी बनाने की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। जाहिर है, देश के भीतर बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रची जा रही थी। इस मामले में मिल रही चौंकाने वाली जानकारी इसी ओर संकेत कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस दावा कर रही है कि उसने विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवर चिकित्सकों के एक कट्टरपंथी मॉड्यूल का पदार्फाश किया है। आधिकारिक सूत्र दावा कर रहे हैं कि इस साजिश का खुलासा उस समय हुआ जब श्रीनगर के नोगाम इलाके में एक पोस्टर लगा दिखा, जिसमें दुकानदारों को केंद्रीय एजेंसियों से लेन-देन न करने की चेतावनी दी गई थी। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में पोस्टर लगाने वाले जिस व्यक्ति की शिनाख्त हुई, वह सहारनपुर में कश्मीरी मूल का डॉक्टर अदील निकला। पूछताछ में उसके श्रीनगर में कुछ अन्य डॉक्टरों से संबंधों का खुलासा हुआ। डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में डॉ. मुजामिल सहित अन्य डॉक्टरों की पहचान हुई। बताते हैं कि फरीदाबाद स्थित एक क्लीनिक से ही बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि मानवता की सेवा की शपथ लेकर चिकित्सा के पेशे में आने वाले लोग कैसे कट्टरपंथ के चलते लोगों की जिंदगी छीनने वाले खौफनाक खेल का हिस्सा बन गए। जाहिर है, इस मॉड्यूल का मकसद देश के विभिन्न हिस्सों में धमाकों के जरिये दशहत फैलाना ही रहा होगा। निश्चय ही बड़ी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदगी तथा आईईडी बनाने के सामान बरामद होना किसी बड़ी साजिश की ओर ही इशारा कर रहा है। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान दिल्ली में हुआ यह पहला बड़ा धमाका सरकार की चिंता बढ़ाने वाला है।

# जनजातीय गौरव दिवसः कपटपूर्ण धर्मांतरण के शिकार हिंदू आदिवासी परिवार

**भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के हिंदू आदिवासी समूहों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने के साथ-साथ उनके साहस और राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को जन चेतना के केंद्र में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष की घोषणा की।**

**-पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

ज जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवंबर 2025), जो जनजातीय नायकों के पराक्रम, दूरदर्शिता और योगदान को समर्पित एक जीवंत श्रद्धांजलि है, पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। पखवाड़े भर चलने वाला यह उत्सव, भारत के सबसे प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक और औपनिवेशिक उत्पीड़न के प्रतिरोध के एक चिरस्थायी प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के हिंदू आदिवासी समूहों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने के साथ-साथ उनके साहस और राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को जन चेतना के केंद्र में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष की घोषणा की। उनके नेतृत्व में भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति भावी पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहे। हिमालय से लेकर तटीय मैदानों तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर गौरव और स्मरण की सामान्य भावना को प्रतिबिंबित करने के लिए कई सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामुदायिक कार्यक्रम शुरू किए हैं। अमेरिकी कट्टरपंथियों द्वारा वित्तपोषित मिशनरी भारत में वंचित हिंदू 'आदिवासियों' का शोषण कर रहे हैं, जिससे राष्ट्र को खतरा पैदा हो रहा है। पूर्वोत्तर, छत्तीसगढ़, झारखंड और कई अन्य राज्यों जैसे घने जंगलों में रहने वाली हिंदू जनजातियों का बाहरी दुनिया से बहुत कम जुड़ाव था; फिर भी, जहाँ वे निकटता में रहते थे, उनकी सादगी का बाहरी पश्चिमी दुनिया द्वारा शोषण किया गया। आर्थिक शोषण आम बात थी। इसने कई चर्च के पादरियों को अस्थायी रूप से बाहरी दान के माध्यम से लोगों की बहुत छोटी आर्थिक जरूरतों को पूरा करके उनका भावनात्मक शोषण करने का एक शानदार अवसर प्रदान किया। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ हम भारतीयों को गलतियों को सुधारने और चर्च के पादरियों को आम लोगों को खैरात देकर धर्मांतरित करने से रोकने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। ईसाई धर्मांतरण तंत्र एक सुव्यवस्थित कंपनी की तरह काम करता है। वे यीशु के सांसारिक प्रचारकों के रूप में कार्य करते हैं। वे आर्थिक और स्वार्थी लाभ के लिए अक्सर सामाजिक/आर्थिक रूप से वंचित हिंदू समूहों को निशाना बनाते हैं। अब, हम देख रहे हैं कि नव-धर्मांतरित लोगों को ज्यादा सामाजिक उत्थान नहीं मिल रहा है, क्योंकि जहाँ मिशनरी धर्म हिंदू धर्म की जाति व्यवस्था की निंदा करते हैं, उस ईसाई धर्म में भी वर्ग/जाति विभाजन कायम है। इसके अलावा, धर्मप्रचारक यह मिथक फैलाना चाहते हैं कि ईसाई धर्म गरीबों और उत्पीड़ितों की सभी बीमारियों का इलाज है, लेकिन यह धारणा अफ्रीका और भारत के कई हिस्सों में बिल्कुल झूठी साबित हुई है। वे वामपंथी ताकतों के समर्थन से भारत में झूठी ईसाइयों के उत्पीड़न से जुड़ी किसी भी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना पसंद करते हैं; उन्होंने हमेशा हिंदू धर्म में हर छोटी-मोटी ₹गलती₹ को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करके उसके बारे में गलत धारणाएँ फैलाने की कोशिश की है।

वर्तमान में, वे यह साबित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ईसा मसीह ने योग किया था, साथ ही इसकी भारतीय जड़ों को भी नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। वे हिंदुओं को विभाजित करने वाली किसी भी परिकल्पना को बढ़ावा देते हैं, जैसे कि आर्यन आक्रमण सिद्धांत। परिणामस्वरूप, यह एक ऐसी व्यवस्था है जो लोगों का धर्मांतरण करने के लिए हर संभव भ्रामक हथकंडे अपनाती है। कई ईसाई मिशनरियाँ दुनिया भर में ऐतिहासिक जातीय रीति-रिवाजों को खत्म करने में माहिर हैं ताकि केवल झूठ, स्वदेशी परंपराओं के प्रति घृणा और हठधर्मिता पर आधारित एकरूप संस्कृति का निर्माण किया जा सके। उत्पीड़ितों की मदद गलत नहीं है लेकिन उनका शोषण और इस प्रक्रिया में उन्हें अपने धर्म में परिवर्तित करना निश्चित रूप से गलत है। चूँकि आपने उनकी मदद की है इसलिए वे आपकी हर बात पर विश्वास करने के लिए बाध्य महसूस करते हैं। यह एक बेहद धूर्त प्रथा है। वे गलत भावनात्मक प्रथाओं के माध्यम से सभी बीमारियों और परेशानियों से तुरंत इलाज का वादा करते हैं, जबकि सनातन धर्म 'कर्म' भोगने पर जोर देता है। जाहिर है, एक आर्थिक रूप सें कमजोर, जो अज्ञानी है, वह ऐसा समाधान चुनेगा जो उसे तुरंत उसकी समस्याओं से छुटकारा दिला दे। लोग यह समझने में विफल रहते हैं कि यह कोई चमत्कार नहीं है, बल्कि अस्थायी लाभ के लिए आत्मसम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों की पहचान को नष्ट करने का एक जाल है। बहुत से लोग इसे समझ नहीं पाते और धर्मांतरण का आसान शिकार बन जाते हैं। सनातन धर्म अनादि काल से अस्तित्व में है। एक ही धर्म के कई संप्रदाय हैं, जिससे आम जनता भ्रमित हो सकती है। सनातन धर्म की जटिलताओं को समझने के लिए किसी कुशल विद्वान से संपर्क करना आवश्यक है। फिर भी, बहुत से लोग इस महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुँचने में असमर्थ हैं। इस दुर्गमता का कारण या तो जाति व्यवस्था का गलत थोपा जाना हो सकता है या फिर प्राप्तकताओं की अपनी गलत धारणाएँ। किसी भी स्थिति में, नुकसान सनातन धर्म का ही है। अन्य धर्म अपने तर्कों में इसे एक बड़ी खामी के रूप में इस्तेमाल करते हैं ताकि लोगों को सनातन धर्म का परित्याग करने के लिए प्रेरित किया जा सके! पहले, हमारे यहाँ सभी को शिक्षित करने के लिए गुरुकुल-शैली का दृष्टिकोण था। हालाँकि, अंग्रेजों ने उस संरचना को नष्ट कर दिया और भारतीय शिक्षा के महत्व को कम कर दिया गया। भारतीयों को यह विश्वास दिलाया गया कि पश्चिमी शिक्षा हमारी अपनी प्रणाली से बेहतर है! जानकारी के अभाव में, हममें से अधिकांश लोग आसानी से धर्मांतरण के शिकार हो जाते थे। कुछ लोगों की नास्तिकता और सनातन धर्म के आधार, वेदों को अस्वीकार करने के कारण, उनके घरों में आने वाली पीढ़ियों में सही ज्ञान का अभाव होता है। ऐसे लोग धर्मांतरण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। कई पश्चिमी ईसाई प्रचारक जहाँ भी जाते हैं, वहाँ के पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचाने के लिए जाने जाते हैं। इन प्रचारकों ने, विशेष रूप से, 'सभ्य दुनिया' में मौजूद सभी समस्याओं, जैसे पर्यावरण प्रदूषण और तकनीकी व वित्तीय प्रगति के नाम पर भोले-भाले आदिवासियों को धोखा देने को जानबूझकर बेतुकेपन की संस्कृति में शामिल किया। कई पश्चिमी ₹प्रचारक₹ ईसाई तर्क देते हैं कि यदि आप उनके ईश्वर को स्वीकार नहीं करते, तो आप पापी हैं। पश्चिमी उद्योग, आदिवासियों के आधुनिकीकरण या उन्हें मुख्यधारा में लाने की आड़ में प्लूटोनियम, यूरेनियम, सोना, चाँदी, हीरे, बॉक्साइट, अभ्रक, सिलिका, कोयला, तेल, लाल लकड़ी, चंदन सहित प्राकृतिक संसाधनों और खनिजों पर नियंत्रण चाहते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत के मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज और विवि में आतंकवाद की फसल ?

**नरेंद्र दामोदर दास मोदी और अमित अनिल चंद्र शाह। ये पल पल की जानकारी लेते, निर्देश देते और कुछ बड़ी योजना पर चिंता करते हुए अभी भी कुछ अवश्य कर रहे होंगे। ये दोनों ही अद्भुत व्यक्ति हैं। सोशल मीडिया पर कुछ परंपरागत प्रश्नकर्ता, बुद्धिजीवी उल्टियां कर रहे हैं। वे उसी जमात से जुड़े लोग हैं जिनको जेएनयू में अब विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र नहीं चाहिए। जेएनयू में इस बात को दो दिनों से खूब उछाला जा रहा है।**

**आचार्य संजय तिवारी**

भारत के भीतर। भारत के ही कुछ लोग। खूब शिक्षित भी। इतने कि जिसे विश्व की सर्वोच्च डिग्री भी कहा जाता है। पेशे के रूप में भगवान का दर्जा। जाति से पुरुष भी। स्त्री भी। लेकिन आदमी नहीं, केवल आतंकवादी। कर्म से भी। सोच से भी। ये भारत में ही पैदा किए जा रहे। बड़ी संख्या में। इन्हें भटके हुए युवा नहीं कह सकते। इनके भीतर भारत और मनुष्यता है ही नहीं। ऐसे लोगों के लिए अब कोई काले कोट वाला भारतीय किसी अदालत में खड़ा दिखे तो देश की जनता को उससे प्रश्न भी करना चाहिए। दिल्ली फिर दहली है। 11 जानें भी गई हैं। पता चल रहा है कि कश्मीर के मेडिकल कॉलेज में एक शिक्षक भी रहा है। उसके साथ लखनऊ समेत कई बड़े शहरों के डॉक्टरों का आतंकी नेटवर्क इतना बड़ा? लगभग तीन हजार किलो विस्फोटक के साथ अभी खुलासों का सिलसिला ही शुरू हुआ था कि सांझ होते होते दिल्ली पर ही हमला ? तारो के जुड़ने की कहानी पुलवामा और अनंतनाग तक पहुंच गई। इससे पहले कि इस घटना पर कुछ बात की जाए, भारत की सीमाओं पर इन सर्द रातों में प्राणों को कफन ओढ़ा कर पहरा देने वाले भारतीय सेना और सुरक्षा बलों को नमन करना चाहिए। बाहरी दुश्मनों को रोकने में वे तो कामयाब हैं लेकिन भीतर? जब यह कहानी लिख रहा हूं, भोर के चार बजे हैं। सुबह होने को है। मुझे ठीक से पता है कि इस रात भारत में ऐसे लाखों लोग होंगे जिन्हें नींद नहीं आई होगी। आधी रात तक अलग अलग माध्यमों से अपडेट जानने के बाद लाखों आंखों से नींद गायब ही रही होगी। दो लोग और हैं। नरेंद्र दामोदर दास मोदी और अमित अनिल चंद्र शाह। ये पल पल की जानकारी लेते, निर्देश देते और कुछ बड़ी योजना पर चिंता करते हुए अभी भी कुछ अवश्य कर रहे होंगे। ये दोनों ही अद्भुत व्यक्ति हैं। सोशल मीडिया पर कुछ परंपरागत प्रश्नकर्ता, बुद्धिजीवी उल्टियां कर रहे हैं। वे उसी जमात से जुड़े लोग हैं जिनको जेएनयू में अब विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र नहीं चाहिए। जेएनयू में इस बात को दो दिनों से खूब उछाला जा रहा है। अनंतनाग के मेडिकल कॉलेज से लेकर जेएनयू तक भारत को टुकड़े करने की शिक्षा प्रदाता कौन सी एजेंसियां हैं?

भारत के प्रधानमंत्री की नीति, उनके नियोजन और रणनीति से दुनिया परिचित है। भितरघाती संक्रमणकर्ता उनको समझ ही नहीं सकते। भारत के गृहमंत्री ने सुबह सुरक्षा एजेंसियों की एक उच्चस्तरीय बैठक की घोषणा भर की थी रात को। तत्काल पड़ोसी आतंकी मुल्क की सरकार ने भी बड़ी बैठक आहूत कर ली। यह हाल तब है जब किसी आतंकी संगठन का नाम अभी तक भारत की किसी एजेंसी ने नहीं लिया है। अभी केवल प्राथमिक सूचना ही दर्ज की गई है।

विश्व को मालूम है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। विश्व को भारत पहले ही बता चुका है कि भारत के भीतर की आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध ही माना जाएगा और इसका प्रत्युत्तर भारत देगा भी। विश्व को यह भी मालूम है कि भारत के गृहमंत्री कौन हैं और ऐसी घटनाएं जब होती हैं तो आंतरिक सुरक्षा के लिए वह किस हद तक जा सकते हैं। भारत को नक्सलमुक्त बनाने वाले अमित अनिलचंद्र शाह को भीतर के आतंकियों और घुसपैठियों से अच्छे से निपटना भी आता है। वह केवल कहते नहीं, कर के दिखाते भी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण दिल्ली में शाम को हुई घटना के बाद से अब तक देश और दुनिया में होने वाली हलचलों से जान सकते हैं। यहां यह याद दिलाना बहुत उचित लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करते समय ही भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत के भीतर किसी प्रकार की आतंकी घटना होती है तो उसे प्रत्यक्ष युद्ध ही माना जाएगा। तो स्पष्ट है कि युद्ध शुरू कर दिया उन्होंने। भारत जवाब तो देगा ही। दुख और चिंता इस बात पर ज्यादा हो रही कि भारत के भीतर भारत के विरुद्ध इतनी भारी संख्या होगी, यह कोई नहीं सोचता था। तुष्टिकरण में डूबे राजनीतिज्ञों को देश से बड़ा उनका वोटबैंक बनेगा? भारत के मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और टॉप यूनिवर्सिटीज में जनता के टैक्स के धन से सब्सिडी और वजीफा लेकर मेडिकल, तक तकनीकी और उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं में एक जमात केवल भारत के विरुद्ध आतंकी साजिश रचेगी? ये न तो मासूम हैं, न ही कही से भटके हुए। कश्मीर से गुजरात, हरियाणा, मुंबई, लखनऊ और न जाने कहां कहां तक इन्होंने विस्फोटकों का जखीरा किसके संरक्षण में जमा किया होगा। डॉक्टर वह भी महिला और उसकी गाड़ी में एके 47। देखना दिलचस्प होगा कि ऐसे आतंकियों के लिए कैसे कैसे चेहरे, कैसे कैसे तर्क लेकर मीडिया, सोशल मीडिया और अदालतों तक आते हैं। यह सभी भारतवासियों का नैतिक दायित्व बनता है कि ऐसे चेहरों को कैसे सबक सिखाना है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# उत्पन्ना एकादशी 15 नवंबर को मनाई जायेगी

हिंदू धर्म में उत्पन्ना एकादशी का अत्यधिक महत्व होता है। हर साल मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के ठीक अगले दिन उत्पन्ना एकादशी मनाई जाती है। 15 नवंबर को मार्गशीर्ष (अगहन) महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी है। इसे उत्पन्ना एकादशी कहते हैं। एकादशी पर भगवान विष्णु के लिए व्रत-उपवास और पूजा करने की परंपरा है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार 14 नवंबर को देर रात 12:49 मिनट पर अगहन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि शुरू होगी। वहीं, 15 नवंबर को देर रात 02:37 मिनट पर मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना होती है। इसके लिए 15 नवंबर को उत्पन्ना एकादशी मनाई जाएगी। इस तिथि पर साधक व्रत रख विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा कर सकते हैं। अगहन यानी मार्गशीर्ष मास को श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। इस वजह से एकादशी पर श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की पूजा करने का शुभ योग बन रहा है। एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा के साथ ही व्रत भी जरूर करें। व्रत करना चाहते हैं तो सुबह पूजा करते समय व्रत का संकल्प लेना चाहिए। इसके बाद




दिनभर निराहार रहें यानी अन्न ग्रहण न करें। भूखे रहना मुश्किल हो तो फलाहार कर सकते हैं, दूध और फलों का रस पी सकते हैं। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि धर्म-कर्म की शुरूआत गणेश पूजा के साथ करनी चाहिए। इस एकादशी के संबंध में मान्यता है कि भगवान विष्णु के लिए की गई पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। अगर किसी खास इच्छा के लिए एकादशी व्रत और विष्णु पूजा की जाती है तो उसमें भी सफलता मिल सकती है। एकादशी पर किसी पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए, स्नान के बाद नदी किनारे ही दान-पुण्य जरूर करें। उत्पन्ना एकादशी के एक दिन पहले यानी दशमी तिथि को शाम के भोजन के बाद अच्छी तरह दातुन करें ताकि अन्न का अंश मुंह में न रह जाएं। इसके बाद कुछ भी नहीं खाएं, न अधिक बोलें। एकादशी की सुबह जल्दी उठकर नहाने के बाद व्रत का संकल्प लें। धूप, दीप, नैवेद्य आदि सोलह चीजों से भगवान विष्णु या श्री कृष्ण की पूजा करें और रात को दीपदान करें। रात में सोएं नहीं। इस व्रत में रातभर भजन-कीर्तन करने का विधान है। इस व्रत के दौरान जो कुछ पहले जाने-अनजाने में पाप हो गए हों, उनके लिए माफी मांगनी चाहिए। अगले दिन सुबह फिर से भगवान की पूजा करें। ब्राह्मणों को भोजन कराकर दान देने के बाद ही खुद खाना खाएं। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 नवंबर को देर रात 12:49 मिनट पर अगहन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि शुरू होगी। वहीं, 15 नवंबर को देर रात 02:37 मिनट पर मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना होती है। इसके लिए 15 नवंबर को उत्पन्ना एकादशी मनाई जाएगी। इस तिथि पर साधक व्रत रख विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा कर सकते हैं। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हिन्दी पंचांग में एक वर्ष में कुल 24 एकादशियां आती हैं और जिस साल अधिक मास रहता है, उस साल में कुल 26 एकादशियां हो जाती हैं। स्कंद पुराण के वैष्णव खंड में सालभर की सभी एकादशियों का महत्व बताया गया है। भगवान श्रीकृष्ण ने पांडव पुत्र युधिष्ठिर को एकादशियों के बारे में जानकारी दी थी। जो भक्त एकादशी व्रत करते हैं, उन्हें भगवान श्रीहरि की कृपा मिलती है। नकारात्मक विचार दूर होते हैं। अक्षय पुण्य मिलता है। घर-परिवार में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। एकादशी पर भगवान विष्णु के मंत्र ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जप करना चाहिए। भगवान विष्णु के साथ ही देवी लक्ष्मी का भी अभिषेक करें। दोनों देवी-देवता को पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें। फूलों से श्रृंगार करें। तुलसी के पत्तों के साथ मिठाई और मौसमी फलों का भोग लगाएं। कुण्डली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि एकादशी पर व्रत-उपवास करना चाहते हैं तो इस दिन सुबह स्नान के बाद भगवान गणेश की पूजा करें। गणेश जी को जल चढ़ाएं। वस्त्र और फूलों से श्रृंगार करें। चंदन, दूर्वा, हार-फूल अर्पित करें। लड्डू का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। गणेश पूजा के बाद श्रीकृष्ण का अभिषेक करें। बाल गोपाल का अभिषेक सुगंधित फूलों वाले जल से करें। इसके लिए पानी में गुलाब, मोगरा जैसे सुगंधित फूलों की पंखुड़ियां डालें और इस जल से भगवान का अभिषेक करें। अभिषेक दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## संत टैरेसा एकेडमी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**साहिबगंज :** झारखंड स्थापना दिवस के तत्वावधान में आज झरना कोलोनी स्थित संत टैरेसा एकेडमी के प्रांगण में बच्चों के बीच क्विज एवं ड्रांइग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सुहानी, वैष्णवी, अनुराधा, साक्षी, सोनम तथा रौशनी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत अपने नृत्य से कर समस्त दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।इसके बाद क्विज तथा ड्रांइग प्रतियोगिता में भाग लिए प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय तिवारी ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर ऐसा आयोजन होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विशिष्ट अतिथि प्रो सुबोध कुमार झा 'आशु' ने अंग्रेजी में संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पठन पाठन के अतिरिक्त अपने चरित्र निर्माण पर भी ध्यान रखना चाहिए।अतिथि के रूप प्रो सुमन झा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को प्रोत्साहित किया।शिक्षक मुअज्जम अख्तर,विकास कुमार शिक्षिका अनिता सिंह,पुष्पा सिंन्हा,अलिसा परवीन,रेहाना खातून,पिंकी परवीन, नित्यम कुमारी,नसीमा खातून,मौसम कुमारी और पुजा कुमारी ने कार्यक्रम के आयोजन में भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने छात्राओं के साथ किया मध्याह्न भोजन

**दुमका :** जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बुधवार को दुमका स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान लिपिक समीर कुमार घोष ने छात्राओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता की जाँच की।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति, स्वच्छता, छात्राओं की उपस्थिति एवं आवासीय व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं एवं भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सीआरपी एवं बीआरपी को निर्देश दिया है कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन करें तथा भोजन की गुणवत्ता की जाँच सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके।

## सिविल एसडीओ ने जारी किया रूट चार्ट

**देवघर :** अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि कुमार द्वारा देवघर शहर क्षेत्र स्थित बाबा मंदिर होने के कारण अत्यधिक श्रद्धालुओं के आगमन एवं टावर चौक के अन्दर मार्केट, सब्जी मंडी, अंडा पट्टी तथा आस-पास क्षेत्र में बैंक, मॉल होने के कारण तथा स्कूली बसों के आवागमन को लेकर अक्सर देवघर शहर में यातायात समस्या को देखते हुए, देवघर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने हेतु प्रतिदिन प्रातः समय 08:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक प्रस्तावित रूट चार्ट के अनुसार निम्न स्थलों पर सभी प्रकार के वाहन के नो-इन्ट्री जोन एवं रूट डायवर्ड जोन बनाये गए है, सिविल एसडीओ श्री कुमार ने बताया कि

देवघर शहरी क्षेत्र में ओटो (टेम्पू), टोटो रिक्श एवं सवारी वाहन के प्रवेश निषेध बिन्दु से संबंधित रूट चार्ट इस प्रकार है:-

जसीडीह, सत्संग चौक की ओर से आने वाली टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन, नगर थाना मोड़ के रास्ते शनि मंदिर होते हुए राज रेडियो चौक से दाहिने जैन मंदिर रोड़ होते हुए बजरंगी चौक से मीना बाजार (फव्वारा चौक) की ओर रूट डायवर्ट रहेगा। थाना मोड़ से टावर चौक की तरफ टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध थाना मोड़ रहेगी।

फव्वारा चौक, मीना बाजार से आने वाली सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन जैन मंदिर रोड़ के रास्ते राज रेडियो चौक से शनि मंदिर होते हुए बिग बाजार मोड़ होते हुए एलआईसी मोड़ के रास्ते अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। बजरंगी चौक से राय कम्पनी मोड़, टावर चौक की तरफ टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध बजरंगी चौक . रहेगी।

जलसार, मस्जिद मोड़ एवं सब्जी मंडी, अंडा पट्टी रोड की ओर से आने वाले सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन चांदन स्टैण्ड से मस्जिद मोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। पटेल चौक से कॉग्रेस मोड़, थाना मोड़ एवं टावर चौक की तरफ टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का प्रवेश निषेध रहेगा। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध पटेल चौक रहेगी।

बाबा जल-बैजनाथपुर की ओर से अपने वाले सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन शहिद आश्रम मोड़ से नौलखा मंदिर, कुण्डा थाना, सारवॉ मोड़ होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेगी। निजी चार पहिया वाहन (व्यवसायिक वाहन का नही) का परिचालन रहेगा। मंदिर मोड़ के तरफ से बैजनाथपुर की ओर से सभी प्रकार के टोटो, टेम्पू एवं अन्य छोटी सवारी वाहन का परिचालन रहेगा, जिसकी रूट डायवर्ट एवं प्रवेश निषेध शहिद आश्रम मोड़ रहेगी।

## युवाओं को नशे से दूर रखने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाए : उपायुक्त

दुमका : जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशाझ्रमुक्त समाज की दिशा में कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक के दौरान सामान्य शाखा प्रभारी ने एनकॉर्ड की पूर्व बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन में किए गए कार्यों की जानकारी दी। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि जिले के सभी दवा दुकानों में योजनाबद्ध तरीके से सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा उन दवाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए जिनका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जा सकता है।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए नशामुक्त दुमका बनाने का आह्वान किया।

बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पुलिस विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने का गौरव एक साथ मना रहे हैं : उपायुक्त

### 25 वर्षों में विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है : एसपी

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य स्थापना दिवस रजत वर्ष के शुभ अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में सदर अस्पताल साहिबगंज में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त हेमंत सती पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान व डॉ. विजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि वर्ष 2025 झारखंड के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। क्योंकि हम भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती और राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने का



गौरव एक साथ मना रहे हैं।झारखंड @25 गौरव यात्राह्न के तहत पूरे राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। और यह रक्तदान शिविर उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। यह न केवल किसी की जान बचाता है बल्कि शरीर को भी स्वस्थ रखता है। इसलिए सभी लोग रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।उपायुक्त ने आगे कहा कि झारखंड सरकार रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। हाल ही में जिले में 327 चौकीदारों की नियुक्ति की गई है।और 400 होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। उन्होंने सभी से राज्य की गौरव यात्रा में सहभागी बनकर एक मजबूत, स्वस्थ और आत्मनिर्भर झारखंड के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि

झारखंड ने 25 वर्षों में विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। जिले के चौकीदारों और पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लेकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर समाज और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।कार्यक्रम में नवनियुक्त चौकीदारों, सूर्या नर्सिंग होम के प्रशिक्षु, स्वास्थ्यकर्मियों और आम जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के राजमहल थाना की पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई करते हुए एक देशी कटटा के साथ दो किंशोर को किया गिरफ्तार।जिनकी जानकारी को राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।उन्होंने बताया कि साहिबगंज पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की फुलवरिया ब्रीज के उत्तर दिशा कि ओर चमास तालाब के बगल मे फोर लेन सडक पर दो लडके अपराधिक घटना को अंजाम देने के मकसद से अपाची मोटरसाईकिल से हथियार लिये सडक पर खडे है।उक्त सुचना के सत्यापन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधिक्षक साहिबगंज के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल के द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुये उक्त दोनो लडको के गिरफतारी हेतु छापामारी दल जब घटनास्थल पर पहुंची तो दोनो लडके पुलिस गाडी को देखकर घटनास्थल से भागने का प्रयास किये परन्तु छापामारी दल के द्वारा दौडा कर पकडा गया। पकडाये दोनो लडके विधि विरूद्ध किशोर पाये गये।पकडाये दोनो विधि विरूद्ध किशोर से नियमो का पालन करते हुये तालाशी लिया गया।तालाशी के कम मे एक किशार के पास से कमर से एक देशी कटटा और जींस के दाहिने पांकेट से एक जिंदा कारतुस बरामद किया गया।जिसे विधिवत जब्ती सुची बनाकर जब्त कर दोनो को जेल भेज दिया गया।

## चांदशहर भुताहा बड़ा पुल ध्वस्त कई गांवों का आवागमन ठप



संवाददाता

**साहिबगंज :** उधवा प्रखंड क्षेत्र के चांद शहर पंचायत के बाबुल के घर के समीप बना सड़क जो कि फरक्का की ओर जाने वाला भुताहा बड़ा पुल पूरी तरह टूटकर बैठ गया है। पुल के ध्वस्त होने से क्षेत्र के कई गांवों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल लंबे समय से जर्जर हालत में था, लेकिन मरम्मत या पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब इसके टूट जाने से स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज, व दैनिक यात्री सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पुल की मरम्मत या नए पुल के निर्माण की मांग की है ताकि यातायात सामान्य हो सके।

## आरोपी पर कार्रवाई न होने में अधिकारियों का भी हाथ है : माला कुमारी



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य जलसहिया कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष माला कुमारी यादव के नेतृत्व में जिले की कई जलसहिया बुधवार को पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिली।जलसहिया ने कार्यपालक अभियंता से जिला एमआईएस कॉर्डिनेटर राहुल कुमार पर कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन सौंपा है।माला कुमारी ने बताया कि बोरियो प्रखंड के अप्रोल पंचायत के अप्रोल गांव की जलसहिया प्रियानिता और राजमहल प्रखंड के तेतुलिया पंचायत के पिराचक गांव की जलसहिया रेखा देवी ने पिछले 15 अक्टूबर को राहुल के विरुद्ध उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी। बताया कि इतने दिनों बाद भी आरोपी पर कार्रवाई न होना यह बताता है कि उसे बचाने में अधिकारियों का हाथ है। उन्होंने कहा कि दो दिनों में आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई तो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे।

## अंगरक्षक के साथ मारपीट करने का लगा आरोप

साहिबगंज:डीटीओ मिथिलेश चौधरी के अंगरक्षक के साथ मारपीट करने व उसकी वर्दी फाड़ने का मामला प्रकाश में आया है।मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोदरजनना के समीप स्टोन चिप्स लदे एक ब्लैक लिस्टेड ट्रक को पकड़ने के लिए डीटीओ अपने अंगरक्षक के साथ पहुंचे थे।इस दौरान ट्रक के चालक डीटीओ के अंगरक्षक लालू प्रसाद सिंह के साथ मारपीट करते हुए उसकी वर्दी फाड़ ट्रक लेकर फरार हो गया।इधर डीटीओ अंगरक्षक के साथ मुफस्सिल थाना पहुंच मामले की जानकारी दी।थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने घायल अंगरक्षक को इलाज के सदर अस्पताल भेज मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## आबुआ आवास लाभुकों का गृह प्रवेश सम्पन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** प्रखंड के करमा पंचायत में बुधवार, 12 नवंबर को झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर ह्लआबुआ आवास योजनाह्न के अंतर्गत लाभुकों का भव्य गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र भी लाभुकों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही, वहीं दर्जनों परिवारों ने नए घर में गृह प्रवेश किया और शपथ ली कि वे योजना का पूर्ण उपयोग करेंगे। कार्यक्रम में करमा मुखिया मोनी देवी, आवास कोऑर्डिनेटर प्रियंका कुमारी, पंचायत सचिव ओम कुमारी, समाजसेवी अनिल यादव, वार्ड सदस्य इकराम खान, जावेद अंसारी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। मुखिया मोनी देवी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव का हर व्यक्ति आवासविहीन न रहे सेवा ही हमारा लक्ष्य है।

# राधानगर में अग्निकांड पीड़ितों से मिले भाजपा नेता बजरंगी

### राहत सामग्री वितरित कर जताई संवेदना, प्रशासन की उदासीनता पर जताई नाराजगी

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर हाई स्कूल चौक के समीप बीते सोमवार को हुई भीषण आगलगी की घटना के पीड़ित परिवारों से भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने मुलाकात की।उन्होंने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और अपने निजी कोष से अग्निपीड़ित जयंत मंडल,सनातन मंडल अरविंद मंडल व नीमचंद मंडल के परिवारों को कंबल,तिरपाल,कपड़े,चूड़ा,मुढ़ी एवं एक-एक बोरी चावल सहित अन्य राहत सामग्री का वितरण किया।भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि इस



कठिन समय में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और हरसंभव मदद का प्रयास करेंगे।श्री यादव ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक कोई सरकारी सहायता नहीं दी गई है,जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए और उन्हें आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए,ताकि वे पुनःअपने जीवन को संवार सकें। इसके अलावा उन्होंने बेगमगंज के खुटहरी टोला में भी दो अग्निपीड़ित परिवार को राशन इत्यादि मुहैया कराया। विदित हो कि विगत सोमवार को राधानगर गांव में खाना बनाने के दौरान भीषण आगलगी की घटना हुई थी जिसमें देखते ही देखते आग ने चार घरों को अपने आगोश में ले लिया एवं उसमें रखे अनाज,कपड़े एवं अन्य समान जलकर राख हो गया था।मौके पर श्रीधर मुखिया तमाल मंडल,पवन सिंह,पंकज घोष,दब्बू अग्रवाल,बिश्वजीत मंडल,कृष्णा शर्मा,संदीप घोष,सिद्धार्थ मंडल सहित अन्य मौजूद रहे।



## मैं अपने डिप्रेशन से लड़ रहा था

**बाबिल खान ने जब एक्टिंग करियर शुरू किया तो वह अपने संजीदा अभिनय के लिए जाने गए। लेकिन कुछ महीनों पहले उनका एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह रोते हुए दिखे। इंडस्ट्री के कई लोगों को फेक बताते नजर आए। बाद में बाबिल की मां ने एक बयान जारी कर बताया कि वह मुश्किल दौर से जूझ रहे हैं। इस वीडियो के महीनों बाद अब बाबिल की एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई है। जिसमें वह अपने डिप्रेशन प्रॉब्लम का जिक्र कर रहे हैं। यह पोस्ट देखकर कई बॉलीवुड सेलेब्स बाबिल को सपोर्ट करते भी दिखाई दिए।**

अपनी पोस्ट में कविता कहने के अंदाज में लिखते हैं, 'मैं छुपकर सुनने का इरादा नहीं रखता था, इस कांच के घर की दीवारें पतली हैं। मैंने अपना दिल खोलकर रखा था। अब मेरे पास खून से सनी टी-शर्ट हैं। मुझे ठीक होने के लिए समय चाहिए था। मेरे भीतर के डिमन ने मुझे गहरे जख्म दिए हैं। नींद ना आना और घबराहट ने मुझे अजीब-अजीब चीजें सोचने पर मजबूर कर दिया था। मैं मदद के लिए पुकार रहा था, मैं अपनी आवाज को दबा नहीं पा रहा था। यह सबकुछ मेरी सेहत पर भारी पड़ रहा था। मेरी आत्मा थक चुकी थी। जब तुम अपनी प्रेमिका से लड़ रहे थे, तब मैं अपने अवसाद से लड़ रहा था।' बाबिल खान की हालिया पोस्ट पर बॉलीवुड सेलेब्स भी रिएक्ट रहे हैं। अपारशक्ति खुराना ने 'भाई' लिखते हैं, हार्ट इमोजी बनाया है। वहीं विजय वर्मा ने लिखा, 'हम तुम्हारे साथ हैं बाबिल।' गुलशन देवेया ने लिखा, 'देखो, यहां कौन आया है?' टीवी एक्टर हिमांशु सोनी ने भी बाबिल की पोस्ट को लाइक किया है। फैंस ने भी बाबिल को अपना सपोर्ट दिया है। एक यूजर ने लिखा, 'चलो भाई हो गया जो होना था, अब फिल्में करो, कविता लिखो, अपनी आर्ट को बाहर निकालो। मूव ऑन करो, अपनी विरासत को आगे बढ़ाओ।' इस तरह के सपोर्टिंग कमेंट्स कई फैंस बाबिल के लिए करते दिखाई दिए।



## न्यूयॉर्क से दिल्ली पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा; राजामौली की फिल्म की शूटिंग करेंगी

प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में कुछ फोटो पोस्ट कीं। वह न्यूयॉर्क से दिल्ली पहुंची हैं। दिल्ली की खूबसूरती ने प्रियंका दिल जीत लिया है। जल्द ही वह साउथ की एक मेगा बजट फिल्म का शूटिंग शेड्यूल पूरा करेंगी। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'कभी लगता है कि मैं प्लेन में रहती हूं।' आगे वह दिल्ली पहुंचने की फोटो शेयर करती हैं। इसके बाद कार में बैठकर दिल्ली की खूबसूरत को अपने फोन के कैमरे में कैद करती हैं। साथ ही कैप्शन लिखती हैं, 'दिल्ली की खूबसूरती।' ऐसा लगता है कि भारत आकर प्रियंका का मन खुशी से फूला नहीं समा रहा है।

विज्ञापन

### राजामौली की फिल्म की शूटिंग करेंगी

प्रियंका चोपड़ा जल्द ही एस एस राजामौली की फिल्म 'SSMB29' का अगला शूटिंग शेड्यूल पूरा करेंगी। वह पहले भी इस फिल्म की शूटिंग के लिए भारत आ चुकी हैं। इस फिल्म में साउथ के पॉपुलर एक्टर महेश बाबू लीड रोल में हैं। फिल्म को बहुत बड़ा स्तर पर बनाया जा रहा है। शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा गया है।



### निक जोनस संग दिवाली पार्टी मनाकर आई

सोमवार को प्रियंका चोपड़ा दिल्ली पहुंचीं। लेकिन रविवार को वह न्यूयॉर्क में पति निक जोनस के साथ एक दिवाली पार्टी में भी नजर आईं। दिवाली पार्टी में प्रियंका चोपड़ा का लुक काफी चर्चा में रहा। प्रियंका ने पिछले दिनों निक के लिए करवाचौथ का व्रत भी किया था। सेलिब्रेशन, वेकेशन से जुड़ी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।



## पूजा हेगड़े का कौन सा सीक्रेट जानना चाहते हैं वरुण धवन? खास अंदाज में किया बर्थ डे विश

पूजा हेगड़े ने सोमवार को अपना 35वां जन्मदिन मनाया है। वरुण धवन ने अपनी इस को-एक्ट्रेस को एक दिन देर से बर्थ डे विश किया। लेकिन वरुण धवन ने अलग ढंग से पूजा को बर्थ डे विश किया है। एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में वरुण ने शेयर किया, उस पर एक खास सीक्रेट को सबसे साथ शेयर करने की रिक्वेस्ट पूजा हेगड़े से की।

अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर वरुण धवन लिखते हैं, 'हैप्पी बर्थ डे पूजा जी। प्लीज, अपने ब्यूटी सीक्रेट बताएं। दुनिया के लिए इतनी बुरी बनना बंद कर दें।' वरुण ने जो वीडियो पूजा का बनाया है, उसमें वह अपना स्किन केयर कर रही हैं। वह पूजा की मेकअप आर्टिस्ट से सीक्रेट ब्यूटी प्रोडक्ट के बारे पूछते हैं, तो वह बताने से इंकार कर देती हैं। इस इस फिल्म में नजर आएंगे पूजा और वरुण वरुण धवन और पूजा हेगड़े



फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगे। इस फिल्म में मौनी रॉय भी नजर आएंगी। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा बता जा रही है। वरुण धवन की हाल ही में एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी रिलीज हुई, जो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी है। इस फिल्म में वरुण के साथ जान्हवी कपूर नजर आईं।



## कॉन्टिलो पिक्चर्स की फ़िल्म 'महायोद्धा राम' में माँ सीता को अपनी आवाज़ देंगी मौनी

पिछले साल मौनी ने कई प्लेटफॉर्म्स और फॉर्मेट्स में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से साबित किया कि वे किसी भी रोल में जान डाल सकती हैं। अब वे बिना किसी ब्रेक के एक प्रोजेक्ट से दूसरे प्रोजेक्ट पर तेज़ी से कदम रख रही हैं। उन्होंने 'द भूतोनी' और 'सलाकार' जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया और एक बार फिर एक अभिनेत्री के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी आने वाली फ़िल्मों का लाइनअप भी उतनी ही प्रभावशाली है – वह जल्द ही कॉन्टिलो पिक्चर्स की फ़िल्म 'महायोद्धा राम' में माँ सीता को अपनी आवाज़ देंगी, मधुर भंडारकर के साथ 'द वाइव्स' में फिर से नज़र आएंगी, और वरुण धवन के साथ 'है जवानी तो इश्क होना है' में स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हर प्रोजेक्ट में उनकी प्रतिभा का एक अलग पहलू दिखाई देता है, चाहे वो ड्रामा हो, वॉइस एक्टिंग हो या एनर्जेटिक डांस परफॉर्मेंस। लेकिन शायद मौनी के पहले से ही बिजी शेड्यूल का सबसे रोमांचक हिस्सा है उनका पहला टॉलीवुड डेब्यू – मेगास्टार चिरंजीवी के साथ फिल्म 'विश्वंभरा' में। यह कदम उन्हें न सिर्फ एक प्रतिभाशाली बल्कि एक भरोसेमंद स्टार के रूप में और मज़बूत करता है।

## बिहार पर बेस्ड होगी सोनू सूद की अगली फिल्म



गरीबों के मसीहा के रूप में लोकप्रिय अभिनेता सोनू सूद आज रविवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी आगामी फिल्म पर पत्ते खोले और कहा कि उनकी अगली फिल्म बिहार राज्य पर बेस्ड है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिहार से उनका गहरा कनेक्शन है।

बातचीत में सोनू सूद ने कहा, अपनी मिट्टी से एक अलग ही लगाव है। वापस आया हूं और आता ही रहूंगा। उन्होंने यह भी बताया कि वह बिहार पर एक फिल्म बना रहे हैं। एक्टर ने कहा ,इवेंट भी होने वाला है..स्टार्ट भी करने वाले हैं..पटना अपनी मिट्टी है और जो अगली फिल्म भी कर रहा हूं वो बिहार पर आधारित है।

सोनू सूद के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें जोधा अकबर, सिम्बा और फतेह जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने एक्शन थ्रिलर फिल्म फतेह से निर्देशन में कदम रखा। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी नजर आए। अपने फिल्मी करियर के अलावा सोनू सूद अपने चैरिटी कार्यों के लिए जाने जाते हैं।

## वरुण धवन ने सच में छोड़ी नो एंट्री

### बोनी कपूर ने बताया सच



बॉलीवुड में बीते कुछ दिनों से चर्चा थी कि अभिनेता वरुण धवन ने फिल्म 'नो एंट्री 2' से किनारा कर लिया है। सोशल मीडिया पर खबरें फैलने लगीं कि वरुण अब इस मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन अब खुद फिल्म के निर्माता बोनी कपूर ने इन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने साफ किया है कि वरुण धवन और अर्जुन कपूर दोनों ही फिल्म का हिस्सा बने हुए हैं और फिल्म की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

### अफवाहों पर बोनी कपूर की सफाई

हाल ही में मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया था कि वरुण धवन ने 'नो एंट्री 2' छोड़ दी है, जिसके बाद प्रशंसकों में निराशा फैल गई। इसी बीच बोनी कपूर ने एक बयान जारी कर स्थिति साफ की। ज़ूम के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, हम 'नो एंट्री में एंट्री' बना रहे हैं और वरुण और अर्जुन दोनों ही फिल्म में हैं। हम बस तीसरे हीरो और बाकी कास्ट को फाइनल करने की प्रक्रिया में हैं। इस बयान के साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म के मूल कलाकारों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और टीम फिलहाल बाकी कलाकारों के चयन में व्यस्त है।

### दिलजीत दोसांझ की एग्जिट से उठे सवाल

कुछ दिन पहले यह खबर भी सामने आई थी कि फिल्म से दिलजीत दोसांझ ने अपना नाम वापस ले लिया है। इस खबर के बाद ही लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया था कि शायद वरुण धवन ने भी फिल्म छोड़ दी हो। हालांकि बोनी कपूर ने इन सबको गलत साबित कर दिया।

## इस्लामाबाद धमाके के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद श्रीलंका की टीम पाकिस्तान दौरे पर बनी रहेगी

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल दौरे को जारी रखने का निर्णय लिया है। कई खिलाड़ियों ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद स्वदेश लौटने की इच्छा जताई थी। मंगलवार को इस्लामाबाद की एक अदालत के बाहर आत्मघाती विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रावलपिंडी में खेले जाने वाले वनडे मैच से कुछ घंटे पहले हुई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन और देश के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने बुधवार को इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त से मुलाकात की और टीम को कड़ी सुरक्षा का आश्वासन दिया। इस बैठक में



श्रीलंका और पाकिस्तान टीम के मैनेजरों के साथ शीर्ष सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद थे। नकवी ने मंगलवार दोपहर पिंडी क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं को ह्लपीसीबी और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी तरह संबोधित किया जा रहा है ताकि दौरे पर मौजूद प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित की जा सके। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ सदस्य बोर्ड के निदेशों के बावजूद स्वदेश लौटता है, तो ह्लउनके आचरण की औपचारिक समीक्षा की जाएगी और समीक्षा पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।एसएलसी ने यह भी कहा कि टीम के किसी सदस्य के लौटने की स्थिति में उसके स्थान पर तुरंत रिप्लेसमेंट भेजे जाएंगे ताकि दौरे में कोई व्यवधान न आए। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने श्रीलंका बोर्ड के इस निर्णय की सराहना की। उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा,ह्लखेल भावना और एकजुटता की भावना उज्ज्वल रूप में झलक रही है। उन्होंने बताया कि शेष दो वनडे मैच अब रावलपिंडी में शुक्रवार और रविवार को खेले जाएंगे।

इसके बाद जिम्बाब्वे टीम श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ टी20 त्रिकोणीय सीरीज में शामिल होगी, जिसकी शुरूआत अगले सप्ताह से होगी। इस टूर्नामेंट के दो मुकाबले रावलपिंडी में और पाँच मुकाबले लाहौर में खेले जाएंगे।

## अजिंक्य नाईक दूसरी बार बने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

**मुंबई :** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के चुनाव में अजिंक्य नाईक पैनल ने शानदार जीत दर्ज की है। नाईक दूसरी बार लगातार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। उनकी पैनल ने कुल 16 पदों में से 12 पर कब्जा जमाया। बुधवार रात परिणाम घोषित होने के बाद नाईक ने कहा, ह्लयह जीत हमारे मैदान क्लबों, सचिवों और हर क्रिकेटर — पुरुष और महिला — की है। यह पूरी मुंबई क्रिकेट फैमिली की जीत है। अजिंक्य नाईक को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एमसीए, बीसीसीआई व आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार का समर्थन प्राप्त था। उन्होंने कहा, ह्लमाननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी और शरद पवार जी के मजबूत सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी। मैं अशिष शेलार जी का भी विशेष आभार व्यक्त करता हूं ह्व नाईक का पैनल ह्लपवार-शेलार ग्रुपह्व के नाम से चुनाव में उतरा था। चुनाव में अन्य पदाधिकारी इस प्रकार हैं — उन्मेष खनविलकर सचिव चुने गए (उन्होंने शाहालम शेख को हराया) जीतेंद्र आव्हाड उपाध्यक्ष बने (उन्होंने नवीन शेट्टी को हराया) नीलेश भोसले संयुक्त सचिव चुने गए।

## बांग्लादेश प्रीमियर लीग में 12 साल बाद फिर से होगा खिलाड़ियों का ऑक्शन

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में 12 साल बाद खिलाड़ियों की नीलामी प्रणाली वापस लौट रही है। बीपीएल गवर्निंग काउंसिल ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। टूर्नामेंट के पहले दो सीजन (2012 और 2013) में खिलाड़ियों की नीलामी हुई थी, जिसके बाद अगले नौ संस्करणों में खिलाड़ियों का चयन ड्राफ्ट प्रणाली के जरिए किया जाता रहा। नीलामी 23 नवंबर को ढाका के एक होटल में आयोजित की जाएगी, जिसमें पांच फ्रेंचाइजी – ढाका कैपिटल्स, चट्टोग्राम रॉयल्स, राजशाही वॉरियर्स, रंगपुर राइडर्स और सिलहट टाइटन्स – हिस्सा लेंगी। ये टीमें बीपीएल के 12वें संस्करण के लिए अपने



खिलाड़ी चुनेंगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, ह्लइस बार की नीलामी एक नए फ्रेंचाइजी स्वामित्व चक्र की शुरूआत करेगी। इसमें एक पुनर्गठित और पारदर्शी बोली प्रणाली लागू की जाएगी ताकि बीपीएल अंतरराष्ट्रीय टी20 फ्रेंचाइजी मानकों के अनुरूप हो सके। नई प्रणाली के तहत स्थानीय खिलाड़ियों को छह श्रेणियों और विदेशी खिलाड़ियों को पांच श्रेणियों में बांटा जाएगा।

स्थानीय खिलाड़ियों की शीर्ष ए श्रेणी का आधार मूल्य 50 लाख टका तय किया गया है, और हर बोली 5 लाख टका की वृद्धि में बढ़ेगी। विदेशी खिलाड़ियों की शीर्ष श्रेणी की शुरूआती कीमत 35,000 अमेरिकी डॉलर होगी, जिसमें हर बोली 5,000 डॉलर की वृद्धि में बढ़ेगी। हर फ्रेंचाइजी को नीलामी से पहले दो बांग्लादेशी खिलाड़ी (ए और बी श्रेणी से) और एक या दो विदेशी खिलाड़ी सीधे साइन करने की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए बीपीएल गवर्निंग काउंसिल की मंजूरी जरूरी होगी। नीलामी दो चरणों में होगी – पहले स्थानीय खिलाड़ियों की, उसके बाद विदेशी खिलाड़ियों की। प्रत्येक टीम को कम से कम 11 स्थानीय खिलाड़ी खरीदने होंगे, जबकि अधिकतम 15 स्थानीय खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

# भारत-बोत्सवाना न्यायपूर्ण और टिकाऊ वैश्विक व्यवस्था का निर्माण कर सकते हैं: राष्ट्रपति मुर्मु

एजेंसी

**गाबोरोन (बोत्सवाना) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 विजन और अफ्रीका के एजेंडा 2063 के तहत दोनों देश मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, मानव गरिमा और समान विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मु ने गुरुवार को बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि बोत्सवाना लोकतंत्र, सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के



वंचित वर्गों के उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस अवसर पर उनका स्वागत स्पीकर दिथापेलो एल केओरापेत्से, उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता ने किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच सहयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निरंतर मजबूत हुआ है। भारत बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में अपनी भागीदारी पर गर्व महसूस करता है। पिछले एक दशक में बोत्सवाना के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कंपनियां बोत्सवाना के हीरा, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में सक्रिय हैं और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, औषधि निर्माण तथा खनन क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने दोनों देशों के व्यावसायिक समुदायों से आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने की अपील की।

इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मु ने बोत्सवाना की डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया, जहां उनका स्वागत खनिज और ऊर्जा मंत्री बोगोलो केनेवेंडो तथा विदेश मंत्री फेन्यो बुटाले ने किया। इसके बाद उन्होंने थ्री दिकगोसि स्मारक का दौरा कर बोत्सवाना की स्वतंत्रता आंदोलन के तीन जनजातीय नेताओं खामा तृतीय, सेबेले प्रथम और बाथोएन प्रथम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मणिपुर में 56 एकड़ में अवैध अफीम की फसल सुरक्षा बलों ने किया नष्ट



एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले में करीब 56 एकड़ भूमि पर उगाई गई अवैध अफीम की फसल नष्ट कर दी। पुलिस प्रवक्ता ने आज बताया कि अभियान के दौरान थोंगलांग अकुतपा और सोंगजांग हिल रेंज के बीच स्थित क्षेत्रों के साथ-साथ कांगचुप थाना अंतर्गत आवलमुन गांव में भी अफीम की खेती को पूरी तरह नष्ट किया गया। सुरक्षा बलों ने मौके पर बनाए गए 19 फार्म झोपड़ों, 10 बोरे खाद और 9 बोरे नमक को भी नष्ट कर दिया, जो खेती में उपयोग किए जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई राज्य में मादक पदार्थों की अवैध खेती और उससे जुड़े नेटवर्क को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे सतत अभियान का हिस्सा है। सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि इस दिशा में आगे भी सघन जांच और निगरानी जारी रहेगी।


# बंगाल में दिखने लगा ठंड का असर

एजेंसी

**कोलकाता :** नवंबर के दूसरे सप्ताह में ही पश्चिम बंगाल में ठंड का असर शुरू हो चुका है। राज्य के पश्चिमी और उत्तरी जिलों में तापमान पहले ही गिरना शुरू हो चुका था, अब कोलकाता में भी पारे में गिरावट दर्ज की गई है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को कोलकाता का न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा।

पिछले 24 घंटे में तापमान में करीब तीन डिग्री की गिरावट हुई है, जबकि अधिकतम तापमान भी 2.6 डिग्री घटकर 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट देखी जा सकती है।

नवंबर की शुरूआत से ही राज्य के कई हिस्सों में हल्की ठंडी हवाएं महसूस की जा रही हैं। पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा जैसे जिलों में तापमान



लगातार गिर रहा है। उत्तर बंगाल के जिलों में भी अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमानों में कमी दर्ज की गई है। कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में रात के समय ठंड बढ़ने लगी है और सुबह के समय हल्की धुंध छाने लगी है। अलीपुर मौसम केंद्र पहले ही संकेत दे चुका था कि आने वाले दिनों में राज्य के तापमान में और गिरावट होगी।उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार, कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों में सुबह के समय घना कोहरा देखा जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में कोहरे की तीव्रता अधिक है। हालांकि, उत्तर बंगाल में फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है और मौसम शुष्क बना रहेगा।

## खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए केंद्र की बड़ी कार्रवाई,

# देशभर में अबतक 3.17 लाख छापेमारी, 3,645 लाइसेंस रद्द और 418 एफआईआर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने खरीफ और चल रहे रबी सीजन के दौरान किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा काला बाजार, जमाखोरी और डाइवर्जन पर रोक लगाने के लिए देशभर में अबतक तीन लाख से अधिक छापेमारी की गईं, हजारों लाइसेंस रद्द किए गए और सैकड़ों प्राथमिकी दर्ज हुईं। खाद्य एवं उर्वरक विभाग ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहयोग से गए इस अभियान से पहले दोनों विभागों के सचिवों ने राज्यों के साथ कई संयुक्त बैठकें कीं, जिसके बाद जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर छापेमारी और कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक कुल 3,17,054 निरीक्षण और छापेमार



कार्यवाइयां की गईं। इनमें 5,119 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, 3,645 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए और 418 प्राथमिकी दर्ज की गईं। जमाखोरी के विरुद्ध 667 नोटिस, 202 लाइसेंस रद्द या निलंबन तथा 37 प्राथमिकी, जबकि डाइवर्जन के मामलों में 2,991 नोटिस, 451 लाइसेंस रद्द या निलंबन और 92 प्राथमिकी दर्ज की गईं। सभी कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत की गईं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गुजरात जैसे राज्यों में अभियान सबसे प्रभावी रहा। उत्तर प्रदेश में 28,273 निरीक्षण, 1,957 नोटिस और 2,730 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए। महाराष्ट्र में 42,566 निरीक्षणों के साथ 1,000 से अधिक लाइसेंस रद्द, जबकि बिहार में लगभग 14,000 निरीक्षण और 500 से अधिक लाइसेंस निलंबित किए गए। इन कार्रवाइयों से कृत्रिम कमी और मूल्य हेराफेरी पर रोक लगी।

गुणवत्ता पर निगरानी के तहत 3,544 नोटिस संदिग्ध निम्न गुणवत्ता वाले उर्वरकों पर जारी किए गए, जिनमें 1,316 लाइसेंस रद्द या निलंबन और 60 प्राथमिकी दर्ज की गईं। नियमित नमूना परीक्षण और गुणवत्ता जांच के माध्यम से घटिया उर्वरकों को आपूर्ति श्रृंखला से हटाया गया ताकि किसानों तक केवल मानक गुणवत्ता के उर्वरक ही पहुंचें।

राज्य सरकारों ने डिजिटल डैशबोर्ड और तत्काल निगरानी प्रणाली के माध्यम से भंडार की आवाजाही पर निगरानी रखी और जब्त किए गए उर्वरकों को सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों तक शीघ्र पहुंचाया। किसानों की शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई की गई।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को मिला नया नेतृत्व : रघुराज किशोर तिवारी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

एजेंसी

**रीवा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में एजी कॉलेज रीवा के प्राध्यापक डॉ. रघुराज किशोर तिवारी का चयन किया गया है। इसे मप्र के रीवा जिले समेत विंध्य क्षेत्र में गौरव के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि संगठन के इतिहास में पहली बार इस क्षेत्र से किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जैसे ही उनके नाम की औपचारिक घोषणा हुई, रीवा स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें इस



उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रीवा जिले के सेमरिया क्षेत्र के कपसा गांव के निवासी डॉ. तिवारी की जीवन यात्रा मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा की मिसाल है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मॉडल स्कूल, रीवा से प्राप्त की। छात्र जीवन के दौरान ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण के विचार से प्रेरणा लेकर वर्ष 1987 में अभाविप से जुड़ाव स्थापित किया। एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई और शीघ्र ही कृषि महाविद्यालय रीवा के छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष बने। इसके बाद वे महाकौशल प्रांत के प्रदेश सचिव के रूप में कार्य करते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यों को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने में जुटे रहे। डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने कृषि महाविद्यालय रीवा से उच्च शिक्षा प्राप्त की और बाद में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि (पीएचडी) हासिल की। शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने अपने ही महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारंभ किया और छात्रों को वैज्ञानिक सोच एवं अनुसंधान के प्रति प्रेरित किया। वर्तमान में वे अध्यापक के साथ ही कृषि अनुसंधान और छात्र गतिविधियों के क्षेत्र में भी एक मार्गदर्शक के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। एक शिक्षक के रूप में डॉ. तिवारी को कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2014 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा उन्हें विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय ने उन्हें विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार (2016) प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना: आवेदनों में शुक्रवार तक करें आवश्यक सुधार एवं दस्तावेज पूर्ति

एजेंसी

**जयपुर :** राज्य सरकार की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए प्रोफेशनल कोर्सेज एवं विभिन्न सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन गत 14 सितम्बर तक आमंत्रित किए गए थे। संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल ने बताया कि जयपुर जिले में प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत कुछ आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि कुछ अभ्यर्थियों के आवेदन दस्तावेजों की कमी या अपूर्णता के कारण आक्षेपित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने आक्षेपित आवेदन पत्रों में आवश्यक सुधार अथवा दस्तावेजों की पूर्ति कर 14 नवम्बर 2025 से पूर्व आवेदन अग्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए निस्तारण पर विचार नहीं किया जाएगा। उपनिदेशक जितेन्द्र कुमार सेठी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना वर्ष 2025-26 के तहत आपत्तियों के निस्तारण की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 को बढ़ाकर 14 नवम्बर 2025 कर दिया गया था। अतः समस्त अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे अपने आवेदन पत्रों पर दर्ज आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर विभाग को अग्रेषित करें, जिससे आगामी चयन प्रक्रिया में उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 नवम्बर 2025 के पश्चात प्राप्त निस्तारण या सुधार स्वीकार नहीं किए जाएंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थियों की स्वयं की होगी।

# छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक उत्तरी और मध्य हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक उत्तरी और मध्य हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना जताई गई है। ठंड के असर से सरगुजा जिले के मैनपाट में घास पर ओस की बूंदें जमकर बर्फ में बदल गईं। पिछले दिन यहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 13 से 15 नवंबर तक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में शीत लहर चलने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर, पेण्ड्रारोड, राजनांदगांव, दुर्ग शीत लहर की चपेट में है।मौसम विभाग ने आज उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में शीत लहर चलने की संभावना जताई है ।प्रदेश के जशपुर, कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और कोरबा जिला में एक दो हिस्सों में शीत लहर चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 13 से 15 नवंबर तक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में



शीत लहर चलने की संभावना है। रायपुर के लालपुर स्थित मौसम कार्यालय के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया है कि प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवायें आ रहीं हैं ।इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट के साथ विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।वहीं 17 नवंबर से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ में ठंड से कुछ राहत मिलने की सम्भावना बन रही है। प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान जगदलपुर में 30.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसी के साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 7.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

# गंगातट पांचाल घाट पर लगने वाले मेला रामनगरिया में कल्प वाशियो की सुरक्षा के रहेंगे व्यापक इंतजाम

एजेंसी

**फरुर्खाबाद :** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में गंगातट पांचाल घाट पर अर्ध कुम्भ की भांति लगने वाले मेला रामनगरिया की तैयारियां शुरू कर दी गई है। बताते चले कि माघ मास में लगने वाले इस मेले में देश भर से संत महात्मा आकर एक माह तक कल्पवास करते है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में गुरुवार कोकलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 03जनवरी 2026 से 03 फरवरी2026 तक लगने वाले मेला श्री राम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के सम्बंध में मेला समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया गया कि मेला श्रीरामनगरिया में व्यवस्थाओं हेतु सांस्कृतिक समिति,निविदा आमंत्रण समिति, दुकान/भू आवंटन समिति, आय व्यय समिति, अस्थायी शौचालय समिति, चिकित्सा व्यवस्था



समिति, सफाई व्यवस्था समिति,यातायात/परिवहन व्यवस्था समिति,विकास प्रदर्शनी समिति, खाद्य सामिग्री रसोई गैस व खाद्य पदार्थो की गुडवत्ता एवं पूर्ति समिति, समतलीकरण समिति, कानून व्यवस्था समिति व मीडिया सेल समिति का गठन किया गया है, पेयजल की व्यवस्था पूर्व की भांति ही रहेगी विशेष पर्वो पर नगर पालिका के वॉटर टैंकर भी लगाये जायेंगे, मेला क्षेत्र में लगाये जाने बाले बिजली के केबिल इंसुलेटेड हो, खोया पाया केंद्र बनाया जाये, साउंड की व्यवस्था अच्छी क्वालिटी की हो, मेले में लगाये जाने बाले कैम्प कार्यालय की गुडवत्ता अच्छी हो, पैंटून पुल के दोनो किनारो पर बैरीकेटिंग की जाये व पानी गहरा है के चेतावनी बोर्ड लगाये जाये, मेले में लगाये जाने बाले बालेंटियर को ड्रेस उपलब्ध कराई जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पूरे मेला क्षेत्र में रोटेशन के अनुसार मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाये। मोबाइल टॉयलेट लगाये जाने व उनकी समुचित सफाई की व्यवस्था की जाये। पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये। मेले के उपरांत मेला क्षेत्र की सफाई की शर्त टेंडर में रखी जाये। मीडिया कैम्प का डेकोरम सही रहे, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का सही से समतलीकरण कराया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तीनों विधा के चिकित्सा कैम्प लगाने, एम्बुलेन्स की तैनाती व सभी सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों को अलर्ट पर रखने के लिये निर्देशित किया गया। पूरे मेला क्षेत्र में एन्टी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग नियमित रूप से कराई जाये ।सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करने व अग्निशमन वाहन की तैनाती की जाये व मॉनिटरिंग के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाये। नावों पर मालिक,नाविक का नाम व बैठने की क्षमता का अंकन कराया जाये व लाइफ जैकेट रखे जाये। सभी दुकानों में अग्निशमन यंत्रो की व्यवस्था रखी जाये, मंच व मनोरंजन क्षेत्र की विद्युत, फायर सुरक्षा की एनओसी ली जाये। पूरे मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त जोन बनाया जाये।सभी तैयारियां 15 दिसंबर तक पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिलारी ने विकास प्रदर्शनी में समूहों की दुकानें लगवाने के निर्देश दिये। बैठक में कमेटी सदस्यों ने मांग की कि विकास प्रदर्शनी पूरे समय चले।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कांग्रेस नेता प्रकाश धुमाल राकांपा एपी में शामिल

**मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश धुमाल गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) में शामिल हो गए। आज सुबह ही प्रकाश धुमाल ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। मुंबई स्थित राकांपा एपी कार्यालय में गुरुवार को सुबह आयोजित सादे कार्यक्रम में प्रकाश धुमाल ने राकांपा एपी में प्रवेश लिया है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल और राकांपा एपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे उपस्थित थे। तटकरे ने कहा कि प्रकाश धुमाल पिछले 40 वर्षों से कांग्रेस के एक निष्ठावान नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के लक्ष्यों और नीतियों की वकालत की है। उन्हें पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक के कट्टर समर्थक के रूप में जाना जाता है। धूमल ने संगठन में कई जिम्मेदारियों को बड़ी योग्यता के साथ संभाला है। उन्होंने जिला कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सेवादल के संगठन सचिव और विभिन्न स्थानों पर निरीक्षक की जिम्मेदारियों को संभाला है। तटकरे ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव से पहले प्रकाश धूमल के राकांपा एपी में शामिल होने से पार्टी को फायदा होगा।

### मुठभेड़ में मोटर साइकिल चोर घायल

**फिरोजाबाद :** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने बुधवार देर रात मोटर साइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को मुठभेड में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रसूलपुर प्रभारी प्रदीप कुमार बुधवार देर रात पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि बरकतपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति है जिसके पास एक चोरी की मोटर साईकिल है। सूचना पर थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने बरकतपुर रोड रेलवे क्रासिंग पर दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगने पर घायल हो गया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना रामगढ पर दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त राम कुमार उर्फ रामू पुत्र राजवीर सिंह निवासी माली की बगिया एलानी नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर के रुप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 चोरी की मोटरसाईकिल यूपी 83 बीडी 1033 बरामद हुई। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चोरों ने हार्डवेयर स्टोर को बनाया निशाना, लाखों का सामान उड़ाया

**शिमला :** चोरों ने आधी रात को एक हार्डवेयर स्टोर को निशाना बना दिया। रात के वक्त चोरों ने स्टोर का ताला तोड़कर करीब 20 लाख रुपये का सामान चुरा लिया। ये स्टोर रिहायशी भवन में स्थित है, लेकिन चोरों ने बड़ी आसानी से इसमें लूट को अंजाम दे दिया। इस घटना का पता लगने पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी की ये वारदात उपमंडल रामपुर के झाखड़ी थाना क्षेत्र में सामने आई है। पुलिस को दी गई शिकायत में स्थानीय निवासी भाग चंद ने बताया कि 11 नवम्बर की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी धरातल मंजिल में बने स्टोर का ताला तोड़ दिया और अंदर रखा भारी सामान चोरी कर लिया। शिकायत के मुताबिक चोरी हुए सामान में 9 वेल्डिंग मशीनें, 40 हॉर्स पावर की 2 मोटरें, 20 रोल वायर मेश, 4 शॉटकिट मेश, 2 जो प्लेट्स क्रशर बकेट, 15 ड्रिलिंग रॉड, 10 एम.एस. शीट, 12 कंक्रीट पाइप, 6 इंच की 5 एम.एस. पाइप (प्रत्येक 15 फीट), 2 फर्नेस या स्टोव, 20 डेफ्टर रॉड, करीब 20 किलो कॉपर कॉइल, 1 पैन, 1 टायर पंचर मशीन, 5 डंपर टायर जैक, 5 जैक हैमर, 2 चेक ब्लॉक, 4 एंगल, 1 आयरन कटिंग मशीन, 3 हिल्टी मशीन, 1 वॉटर पंप (1 एचपी), 300 पेयर क्लैम्प कपलिंग और करीब 300 किलो स्क्रैप आयरन शामिल हैं। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है। घटना का पता लगने पर उसने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। झाखड़ी थाना पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है, लेकिन पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### स्वच्छ जल से बदलती ज़िंदगी: मुख्यमंत्री सरमा ने धेमाजी की जल जीवन मिशन में सफलता को सराहा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को धेमाजी ज़िले में जल जीवन मिशन की सफलता की सराहना की और कहा कि शुद्ध पेयजल की पहुंच ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धेमाजी से निकलने वाली यह सकारात्मक कहानी इस बात का प्रमाण है कि स्वच्छ जल कैसे हर सुबह घर-घर पहुंचकर शांति और प्रगति का संदेश दे सकता है। डॉ. सरमा ने ह्यजलदूतोंह्व के समर्पित प्रयासों और जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज शुद्ध पेयजल हर परिवार के लिए प्रगति और बेहतर जीवन स्तर का प्रतीक बन गया है।

### स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई :** महाराष्ट्र विशेषकर मुंबई में बुनियादी ढांचे, कुशल विशेषज्ञों और कम लागत वाली सेवाओं के कारण स्वास्थ्य पर्यटन के क्षेत्र में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अपार अवसर हैं। इसलिए राज्य सरकार स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देगी। यह घोषणा बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने की। स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने मुंबई के प्रभादेवी स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा, अनुसंधान व इनक्यूबेशन केंद्र का दौरा किया। यह केंद्र भारतीय दंत चिकित्सा संघ (आईडीए) द्वारा स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा सेवाओं की वैश्विक मांग बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय रोगियों को आकर्षित करने के लिए मुंबई में विश्व स्तरीय सेवाएं उपलब्ध हैं। गिनीज बुक में दर्ज विश्व स्तरीय संस्था इंडियन डेंटल एसोसिएशन पिछले 78 वर्षों से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है। अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईडीए का कार्य उत्कृष्ट है। दंत स्वास्थ्य जागरूकता, निवारक कार्यक्रमों, अनुसंधान और कौशल विकास के क्षेत्र में राज्य सरकार और भारतीय दंत चिकित्सा संघ मिलकर काम कर सकते हैं। आईडीए के महासचिव डॉ. अशोक ढोबले ने मंत्री आबिटकर का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि आबिटकर का यह दौरा हमारे लिए प्रेरणादायी है। इस दौरे ने प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे संकल्प को और मजबूत किया है। इस अवसर पर बताया गया कि 'स्वस्थ मुस्कान मिशन 2025' के अंतर्गत महाराष्ट्र सरकार और भारतीय दंत चिकित्सा संघ ने संयुक्त रूप से दंत स्वास्थ्य सुधार व निवारक सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## स्वास्थ्य व खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं : डीसी



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सदर अस्पताल साहिबगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं और दवा आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई।इसी क्रम में सदर अस्पताल परिसर में प्रस्तावित दो सौ बेड वाले वार्ड भवन निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने भवन निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित इसके अतिरिक्त दोनों अधिकारियों ने सिद्धू कान्हू स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैदान के रख-रखाव एवं अधोसंरचना सुधार कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।उपायुक्त ने कहा कि जिले के स्वास्थ्य व खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।ताकि आमजन को बेहतर सेवाएं प्राप्त हो सकें।

## कार्य में शिथिलता बरतने वाली सहियाओ से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण : उपायुक्त

**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को आयुष्मान भारत कार्ड के ई-केवाईसी कार्य की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि जिले में अभियान के रूप में प्रत्येक पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्डधारियों का ई-केवाईसी कार्य कराया जाएगा। इस कार्य की मॉनिटरिंग प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभुक निकटतम पंचायत भवन जाकर अपना ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए लाभुकों को आधार कार्ड एवं राशन कार्ड साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा।पंचायत भवन में उपस्थित वीएलई इस कार्य को करेंगे।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने आगे कहा कि सभी सहियाओं को पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए ई-केवाईसी कार्य सुनिश्चित करना है। सहियाएं लाभुकों को पंचायत भवन ले जाकर उनका ई-केवाईसी पूर्ण कराएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर प्रदर्शन करने वाली सहियाओं को पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं कार्य में शिथिलता बरतने वाली सहियाओं से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. कामेश्वर प्रसाद के साथ-साथ संबंधित विभागों के पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एनएच-80 के किनारे फेंकी मिली प्रतिबंधित कफ सिरप की बोतलें



**साहिबगंज :** जिले के युवा वर्ग नशे की चपेट में अपनी जिंदगी खराब कर रहे हैं। कभी एमडीएमए तो कभी प्रतिबंधित कफ सिरप मामले का लगातार खुलासा हो रहा है। तालझारी प्रखंड के महाराजपुर में विवाह भवन से होकर रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप की दर्जन भर से अधिक बोतलें फेंकी मिली।कई बोतलों के ढक्कन खुले थे।

## यात्री ट्रेनें छोटे स्टेशनों पर रुककर होती लेट

**जमशेदपुर :** हावड़ा मुंबई मार्ग एक्सप्रेस ट्रेनें छोटे स्टेशनों पर रुकने के कारण ज्यादा लेट होती है। गुरुवार को झारसुगुड़ा के बाद अहमदाबाद गीतांजलि और कुर्ला एक्सप्रेस को कई छोटे स्टेशनों पर रोका गया जबकि हावड़ा से 2 घंटे लेट रवाना जनशताब्दी एक्सप्रेस गालूडीह स्टेशन पर रुकने से और लेट हो गई। जनशताब्दी एक्सप्रेस के रुकने से इस्पात एक्सप्रेस का भी पहिए थम गया और टाटानगर स्टेशन पर चाईबासा, बड़बिल, राउरकेला, मनोहरपुर चक्रधरपुर समेत और स्टेशनों के सैकड़ो यात्री परेशान है। जानकार बताते हैं कि अहमदाबाद एक्सप्रेस 40 मिनट से ज्यादा लेट तक बिरबांस स्टेशन पर खड़ी थी।

## एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर 15 को करेंगे रक्तदान

**जमशेदपुर :** कोल्हान की सबसे बड़े अस्पताल एमजीएम के डॉक्टर भी झारखंड अलग राज्य स्थापना दिवस पर रक्तदान करने की तैयारी में है। आईएमए जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के प्रदेश सचिव डॉक्टर राघवेंद्र सिंह रक्तदान की तैयारी में जुटे हुए हैं और एमजीएम अस्पताल के अन्य डॉक्टरों से भी सहमति ली है। बताया जाता है कि एमजीएम अस्पताल में रक्त की कमी हमेशा बने रहती है। डॉक्टरों की रक्तदान करने से दर्जनों मरीज को जीवन रक्षा होगी। हालांकि झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर जमशेदपुर की विभिन्न संस्थाएं भी रक्तदान करने वाली है।

## जमीन विवाद में देवर ने भाभी-भतीजे को पीटा

**धनबाद :** धनसार में मनईटांड़ पानी टंकी के पास जमीन विवाद को लेकर देवर ने अपनी भाभी और भतीजे के साथ नौ नवंबर को मारपीट की। एसएनएमएमसीएच में भर्ती रीता देवी ने बुधवार को सरायढेला पुलिस को दिए बयान में बताया कि देवर नरेश पासवान उनके हिस्से की जमीन पर दीवार देना चाहता था। विरोध करने पर नरेश, उसकी पत्नी और पुत्र सोनू ने मिल कर उनपर और उनके पुत्र साहिल पासवान पर ईंट, पत्थर और रॉड से हमला कर दिया। नरेश के पुत्र विक्की पासवान ने जान से मारने की भी धमकी दी।

## फिरोजाबाद स्टेशन पर भी रुकेगी जम्मूतवी एक्सप्रेस

जमशेदपुर : टाटानगर जम्मूतवी एक्सप्रेस अब फिरोजाबाद स्टेशन पर भी रुकेगी रेलवे बोर्ड से ट्रेन के नए ठहराव का आदेश हो गया है लेकिन ठहराव का दिन की घोषणा अभी नहीं की गई है। बताया जाता है कि, शिकोहाबाद स्टेशन और टूंडला जंक्शन के बीच फिरोजाबाद में जम्मूतवी एक्सप्रेस के रुकने से आसपास के सैकड़ो यात्रियों को आवागमन की एक नई सुविधा मिलेगी।

# बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान सर्वे में झारखंड को टॉप अचीवर अवार्ड मिला

उद्योग सचिव अरवा राजकमल, उद्योग निदेशक विशाल सागर एवं प्रबन्ध निदेशक, जियाडा वरुण रंजन ने अवार्ड ग्रहण किया

मुख्यमंत्री से की मुलाकात, मुख्यमंत्री ने सभी को दी बधाई

सभी के समन्वित प्रयासों से मिली राज्य को मिली यह बड़ी उपलब्धि : मुख्यमंत्री

राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, : मुख्यमंत्री



**बिनय मिश्रा**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच, कुशल नेतृत्व और सार्थक प्रयासों से झारखंड राज्य आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय - डीपीआईआईटी द्वारा आयोजित बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान सर्वे (इफ्क्षढ) में झारखंड को टॉप अचीवर का सम्मान प्राप्त हुआ है। उद्योग सचिव अरवा राजकमल, उद्योग निदेशक विशाल सागर एवं प्रबंध निदेशक, जियाडा वरुण रंजन ने यह अवार्ड प्राप्त करने के उपरांत झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड को यह सम्मान बिजनेस एंट्री, कंस्ट्रक्शन परमिट, लेबर रेगुलेशन और सर्विस सेक्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला है। मुख्यमंत्री ने इस सम्मान के लिए अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि ये उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। ऐसे सम्मान से और बेहतर करने की हमें प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों का नतीजा है कि झारखंड विकास के मामले में नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में जो भी जरूरी कदम उठाने होंगे, सरकार उससे पीछे नहीं हटेगी। राज्य हित में हमारी सरकार लगातार योजनाएं बना रही है । इन योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन हो, इसमें हर अधिकारी की अहम भूमिका है। सभी के प्रयासों से हम एक नया और विकसित झारखंड बनाने में निश्चित तौर पर कामयाब होंगे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय-डीपीआईआईटी
के इज ऑफ डूइंग बिजनेस (एङ्गउङ्ख) के तहत बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान ( इफ्क्षढ) का उद्देश्य प्रमुख नियामक और शासन संकेतकों पर राज्यों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना है। इसके जरिए राज्यों में प्रतिस्पर्धी और सुधार-उन्मुख कारोबारी माहौल को बढ़ावा देना है। झारखंड को यह सम्मान प्राप्त होना औद्योगिक निवेश के प्रति राज्य की मजबूत प्रतिबद्धता, नीतिगत नवाचार, डिजिटल और संस्थागत दक्षता को दर्शाता है। झारखंड आज पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यापार करने में सहूलियत को बढ़ावा देने वाली पहलों के माध्यम से देश के सबसे प्रगतिशील और निवेश अनुकूल राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है।

# वरीय आईएएस अधिकारी छवि रंजन हुए निलंबन मुक्त




**संवाददाता**

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन 28 माह के पश्चात हुए निलंबन मुक्त इस आलोक में इस आशय की जानकारी जारी कर दी गई विदित हो कि श्रीरंजन कोडरमा सरायकेला खरसावां के अलावे रांची के उपायुक्त रह चुके हैं कोरोना काल के दौरान उपयुक्त रांची के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य काफी सराहना रहे थे स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहन करने के साथ-साथ उनके बेहतर कार्य के फल स्वरुप उनके साथ भोजन कर उनका उत्साह वर्धन किया यही नहीं सेल्फी के माध्यम से भी प्रचार प्रसार काफी कारगर रही थी कोरोना कल के दौरान अस्पताल में हुए स्वयं जाकर मरीजों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के लिए कारगर पहल और प्रयास किया था तथा इस दौरान उनके द्वारा 18 से 20 घंटे तक निरंतर इस पुनीत कार्य में जुड़ा रहना अपने आप में उपलब्धि माना जाता है।

# ओड़िया समाज ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया प्रथमाष्टमी पर्व

**संवाददाता**

**बंदगांव :** बुधवार को बंदगांव प्रखंड के कराईकेला सहित आसपास के क्षेत्रों में ओड़िया समाज ने श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रथमाष्टमी पर्व मनाया। समाज के इस पारंपरिक पर्व को लेकर घर-घर में पूजा-अर्चना और अनुष्ठान का आयोजन किया गया।सुबह-सुबह घरों की साफ-सफाई के बाद स्नान कर बड़ी संतान चाहे बेटा हो या बेटी को नया वस्त्र पहनाया गया। इसके बाद तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी गई और विभिन्न पकवान खिलाकर दीघार्यु का आशीर्वाद दिया गया। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा की गई थी। उसी परंपरा के निर्वाह में ओड़िया समाज अपने घर की बड़ी संतान की पूजा करके प्रथमा अष्टमी मनाता है। यह पर्व मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को बड़ी श्रद्धा से मनाया जाता है। ओड़िया संस्कृति में यह पर्व जन्माष्टमी, राधाष्टमी और अशोकाष्टमी की तरह ही विशेष महत्व रखता है।इस अवसर पर पारंपरिक व्यंजन एंडुरी पिठा भी तैयार किया गया, जिसे हल्दी के पत्तों में लपेटकर भाप में पकाया जाता है। इसे पोधुनवा प्रथा कहा जाता है। पूरे क्षेत्र में ओड़िया समाज के प्रत्येक घर में यह त्योहार उल्लास और आस्था के वातावरण में मनाया गया।



## बुजुर्ग महिला पर हमला, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के नया बाजार वार्ड संख्या 9 में सोमवार शाम एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता उषा देवी (60 वर्ष) ने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इनमें अमन कसेरा (25 वर्ष), राहुल कसेरा (22 वर्ष), संगीता देवी (45 वर्ष) और हरिश कसेरा (55 वर्ष) शामिल हैं। चारों एक ही परिवार के सदस्य हैं और सभी नया बाजार वार्ड नंबर 9 के निवासी हैं।वादी उषा देवी ने अपने आवेदन में बताया कि सोमवार की शाम किसी आपसी विवाद को लेकर चारों अभियुक्त उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।

# मतगणना स्थल कोऑपरेटिव कॉलेज परिसर में निषेधाज्ञा लागू

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चंद्रजीत सिंह ने को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर के संपूर्ण परिसर में बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। घाटशिला उप चुनाव की मतगणना में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर गुरुवार को यह आदेश जारी किया गया। उप चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए पूरी मतगणना प्रक्रिया को स्वच्छ एवं विधि-सम्मत सम्पादन हेतु यह आवश्यक माना गया कि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर के सम्पूर्ण परिसर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अधीन निषेधाज्ञा जारी की जाय।इसके
परिप्रेक्ष्य में एसडीएम चन्द्रजीत सिंह ने निष्पक्ष मतगणना प्रक्रिया सम्पादन हेतु स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर मतगणना के प्रक्रिया पूर्ण होने तथा परिणाम प्रकाशित होने तक निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार, अभ्यर्थी के द्वारा निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश के विपरीत कोई भी कार्य करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।उक्त अवधि में किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार अथवा अभ्यर्थी के द्वारा राजनीतिक प्रयोग से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी की पूवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।यह आदेश मतगणना के दिन प्रतिनियुक्त विधि-व्यवस्था एवं मतगणना कार्य पर लगे पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, सभी अभ्यर्थी, मतगणना एजेन्ट, मीडियाकर्मी पर लागू नहीं रहेगा। चूँकि संबंधित सभी व्यक्तियों को तत्काल रूप में नोटिस तामिला कराना संभव नहीं है। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है।यह आदेश दिनांक 14 नवंबर की सुबह 5 बजे से परिणाम प्रकाशित होने तक प्रभावी रहेगा।

## अवैध नाव परिचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : एसडीओ




**संवाददाता**

**साहिबगंज :** गंगा नदी में अवैध नाव संचालन की सूचना पर बुधवार को सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद ने शोभनपुर घाट पर छापा मार कर कार्रवाई के दौरान एसडीओ ने मौके से चार नाविकों को पकड़कर रिवर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि गंगा नदी में अवैध रूप से नाव चलाने क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाने और अधिक किराया वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध नाव परिचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्रवाई के बाद संबंधित नाविकों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, साथ ही दोबारा ऐसी गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# लातेहार में बिजली के लिए ग्रामीणों ने किया समाधि आंदोलन

**संवाददाता**

**लातेहार :** बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर अनोखे ढंग से आंदोलन शुरू किया है। ग्रामीण, जमीन में गड्ढा खोदकर उसमें 4 घंटे तक समाधि में बैठे रहे। बुधवार को 20 से अधिक ग्रामीणों ने समाधि आंदोलन में भाग लिया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने बताया कि यह आंदोलन अनिश्चितकाल तक चलेगा।

दरअसल, लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के अथुला चटुआग गांव में बिजली की समस्या से ग्रामीण पिछले कई सालों से रूबरू हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई ऐसे टोला हैं, जहां आज तक बिजली नहीं पहुंची है। जैसे तैसे बिजली पहुंची भी है तो वहां ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहा है, जिससे बिजली सेवा बाधित हुई है। कई ऐसे भी टोला हैं, जहां लकड़ी के खूंटे के सहारे बिजली पहुंचाई गई है। इस कारण यहां अक्सर बिजली फॉल्ट होने की समस्या बनी रहती है। इन समस्याओं के समाधान को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार अधिकारियों से गुहार लगाई जा रही है, लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं को नहीं सुना गया। जिला मुख्यालय से गांव की दूरी भी 40 किलोमीटर से ज्यादा है, इस कारण यहां के ग्रामीण जिला मुख्यालय में बार-बार जा भी नहीं पाते हैं। मजबूरी में ग्रामीणों ने अपने गांव में ही समाधि आंदोलन शुरू कर दिया है।



इधर, इस संबंध में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने बताया कि यहां के ग्रामीणों का जीवन बिजली के अभाव में अभिशाप बना हुआ है। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके बाद ग्रामीणों ने समाधि आंदोलन शुरू किया है। उन्होंने आगे बताया कि यह आंदोलन अनिश्चितकाल तक चलेगा। जब तक ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक ग्रामीण समाधि आंदोलन में शामिल रहेंगे।

पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि इस गांव को 10 साल पहले ही आदर्श गांव घोषित किया गया था। तत्कालीन सांसद ने इसे गोद लेने की भी घोषणा की थी लेकिन आज यह गांव विकास से वंचित है। गांव के कई ऐसे टोला हैं, जहां आज तक बिजली और सड़क नहीं पहुंची है। गांव में बड़ी संख्या में आदिम जनजाति भी निवास करती है, बावजूद इसके यहां विकास नहीं है। च